

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, मंगलवार 14 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-285 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### 5 माईक्रो फाइनेंस बैंकों को किया गया सील

**कोरबा,14 जनवरी।** जिले में माइक्रोफाइनेंसिंग बैंकों और लोन रिकवरी एजेंटों के खिलाफ पुलिस-प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है. माइक्रोफाइनेंस बैंकों के एजेंट लोन की रिकवरी के लिए महिलाओं को प्रताड़ित करते थे, जिसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी. जिसके बाद आज 4 माइक्रोफाइनेंसिंग बैंकों को दलबल के साथ सील किया गया. साथ ही 6 लोन रिवकरी एजेंटों के खिलाफ अलग-अलग थानों में FIR दर्ज किया गया है. जानकारी के मुताबिक, फ्लोरा माइक्रोफाइनेंस सहित अन्य बैंक से महिलाओं ने ऋण लिया, जिसकी रिकवरी के लिए एजेंट महिलों के घर जाकर वसूली के नाम प्रताड़ित करने का काम करते थे. इसकी शिकायत के बाद आज माइक्रोफाइनेंस के रिकवरी एजेंटों के विरूद्ध करतला में 2, कटघोरा में 1, उरगा में 1, रजगामार में 1 और पाली में 1, कुल 6 एफआईआर दर्ज की गई है. कटघोरा एसडीएम ने बताया कि वित्तीय अनियमितता के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी. स्पंदन बैंक नवागांव कटघोरा के एजेंट प्रताप रूद्र शरण (22) ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली करते पाया गया. सभी शिकायतों की जांच के संबंध में अनुविभाग कटघोरा, कोरबा जिला में संचालित माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कार्यालय को दल-बल के साथ सील किया गया।

### लद्दाख की सीमा पर 'ड्रैगन' बना रहा दो एयरबेस

**नई दिल्ली,14 जनवरी।** चीन अपनी नापाक और दगाबाज हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन की एक बार फिर से चोरी सैटेलाइट ने पकड़ ली है। वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने को लेकर हुए एग्रीमेंट के बाद भी चीन इन दिनों भारत (लद्दाख) से लगी सीमा के करीब बहुत तेजी से अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है। चीन अक्साई चिन (लद्दाख का एरिया) से सटे अपने




दो नागरिक हवाई अड्डों को चीनी वायुसेना के एयरबेस के तौर पर बदल रहा है। यहां नई हवाई पट्टी बनाने के साथ लड़ाकू और अन्य सैन्य ट्रांसपोर्ट विमानों के लिए ब्लास्ट प्रूफ हैंगर और बंकरों का निर्माण किया जा रहा है। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए एक पोस्ट में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है चीन अक्साई चिन के उत्तर में अपने दो नागरिक हवाई अड्डों का पुनर्विकास कर रहा है। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस ने आगे लिखा कि चीन के इस कदम से शिनजियांग प्रांत के होटन एयरबेस पर ऑपरेशनल बोझ में कमी आएगी, जो वर्तमान में भारत के सामने चीन का प्राथमिक सैन्य एयरबेस है। इससे पीएलए की युद्धकालीन विमान तैनाती और फैलाव क्षमता में सुधार होगा।

# महाकुंभ: साधु-संतों ने संगम में किया अमृत स्नान



## 1.6 करोड़ ने डुबकी लगाई, तलवारें लहराते पहुंचे नागा साधु, हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा

**प्रयागराज,14 जनवरी।** महाकुंभ का पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) मंगलवार सुबह 6.15 बजे से शुरू हुआ। संन्यासियों के हाथों में तलवार-त्रिशूल, डमरू। पूरे शरीर पर भभूत। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए नागा साधु-संत संगम पहुंचे।

सरकार के मुताबिक, दोपहर 1 बजे तक 1 करोड़ 60 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। इस हिसाब से 30 घंटे में 3 करोड़ लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। हालात संभालने के लिए आर्मी को भी स्टैंड बाई पर रखा गया है।जूना अखाड़े समेत 7 संन्यासी अखाड़ों के संत स्नान कर चुके हैं। अब वैरागी अखाड़ों के संत संगम में स्नान करने के लिए निकले हैं। महाकुंभ में पहली बार शाही स्नान की जगह अमृत स्नान शब्द का इस्तेमाल किया गया। अखाड़ों ने नाम बदलने का प्रस्ताव दिया था। संगम जाने वाले सभी रास्तों में 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। स्नान के लिए सभी 13 अखाड़ों को अलग-अलग 30-40 मिनट का समय दिया है। संगम पर दुनियाभर का मीडिया और 50 से ज्यादा देशों के श्रद्धालु हैं।

**महाकुंभ में पहुंचे लाखों लोगों ने मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को सुबह ही संगम में डुबकी लगाई। मौसम सर्द था और पानी में भी ठंडक थी, लेकिन आस्था की गर्माहट के आगे सब फीका पड़ गया। संक्रांति में ही महाकुंभ में 1.38 करोड़ लोगों ने स्नान किया है।**



## कांग्रेस ने बीजेपी को बताया चिंटफंड कंपनी का प्रतिनिधि

### भाजपा ने पत्रकार हत्या में कांग्रेस पर साधा निशाना

**रायपुर,14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं से करोड़ों की ठगी करने वाली कंपनी फ्लोरा मैक्स के भंडाफोड़ और पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है. एक तरफ फ्रॉड की शिकार हुई महिलाएं धरना प्रदर्शन कर सरकार से मदद की गुहार लगा रही हैं. तो वहीं सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर ऐसी फ्रॉड चिटफंज कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने का आरोप लगा रही है. दोनों ही पार्टियों ने आज सोशल मीडिया में कार्टून पोस्टर जारी कर एक-दूसरे पर निशाना साधा है.कांग्रेस द्वारा जारी कार्टून पोस्टर में मंत्री लखन लाल देवांगन पर निशाना साधते हुए लिखा- 'मंत्री ने जिस चिटफंड कंपनी का उद्घाटन किया, वह खा गई



महिलाओं के करोड़ों रुपए. न्याय मांगने पर महिलाओं के खिलाफ ही FIR.' छत्तीसगढ़ भाजपा ने भी बीजापुर में हुए स्वतंत्र पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या मामले में कांग्रेस पर पोस्टर वार किया है. भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर कांग्रेसी नेता दीपक बैज और हत्या के मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर का कार्टून पोस्टर जारी कर लिखा- 'कांग्रेस की शह पर होता है देश के चौथे स्तंभ पर आघात.'।

### सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को मिलेगा 25 हजार रुपए का इनाम

**पुणे ,14 जनवरी।** सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को केंद्र सरकार की तरफ से 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। फिलहाल यह राशि 5,000 रुपये है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी पुणे में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान दी।गडकरी ने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाना जरूरी होता है।

## सुरक्षाबलों के हाथ लगी नक्सलियों की 14 बंदूकें

### बड़ी संख्या में टिफिन बम समेत नक्सली सामान बरामद

**कोंडागांव,14 जनवरी।** कोंडागांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के छिपाए गए हथियार, विस्फोटक सहित अन्य सामान मिले हैं. जवानों ने बड़ी संख्या में बंदूके, टिफिन बम और दैनिक सामग्री बरामद किया है. दरअसल, थाना पुंगारपाल क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर कोंडागांव की डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम रवाना हुई थी. इस दौरान जवानों को 12 जनवरी को तुमड़ीवाल जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सली डंप मिला. घेराबंदी कर सर्चिंग में भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की है.





ओबीसी आरक्षण में कटौती तथा राम- रावण रील के विरोध में आज कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री का अम्लेश्वर में पुतला दहन किया।

## ओबीसी आरक्षण में कटौती का विरोध, 15 को कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर,14 जनवरी।** नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण में कटौती के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन करने जा रही है. इसका ऐलान पीसीसी चीफ दीपक बैज ने किया. उन्होंने कहा, ओबीसी आरक्षण के विरोध में 15 जनवरी को सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा.

## अनुसंधान और नवाचार नए भारत के मिजाज का हिस्सा : मोदी

**नई दिल्ली,14 जनवरी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लिया। मौसम के लिए तैयार और जलवायु के लिए स्मार्ट÷ राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने कहा कि आज हम भारतीय मौसम विभाग यानी IMD के 150 वर्ष सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, ये हमारे भारत में आधुनिक साइंस और टेक्नोलॉजी की भी यात्रा है। IMD ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा का भी प्रतीक बना है। मोदी ने कहा कि वैज्ञानिक संस्थाओं में रिसर्च और इनोवेशन नए भारत के स्वभाव का हिस्सा है। इसलिए पिछले 10 वर्षों में ढ्ढरूष्ठ के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नॉलजी का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत एक जलवायु-स्मार्ट राष्ट्र बने इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' भी लांच किया है। मिशन मौसम टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तैयारी को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि



वैज्ञानिक संस्थानों में रिसर्च और इनोवेशन नए भारत के स्वभाव का हिस्सा है। इसलिए, पिछले 10 वर्षों में, आईएमडी के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉपलर मौसम रडार, स्वचालित मौसम स्टेशन, रनवे मौसम निगरानी प्रणाली, जिलेवार वर्षा निगरानी स्टेशन - ऐसे आधुनिक बुनियादी ढांचे में कई गुना वृद्धि हुई है, और उन्हें अपग्रेड भी किया गया है। मौसम विज्ञान अंतरिक्ष तकनीक और डिजिटल तकनीक का भी भरपूर लाभ उठा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मौसम संबंधी उन्नति के चलते हमारी आपदा प्रबंधन कैपसीटी बनी हुई है। इसका लाभ पूरे विश्व को मिल रहा है। आज हमारा आकस्मिक बाढ़ मार्गदर्शन प्रणाली नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका को भी सूचनाएं दे रहा। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस में कहीं कोई आपदा आती है, तो भारत सबसे पहले मदद के लिए उपस्थित होता है। इससे विश्व में भारत को लेकर भरोसा भी बढ़ा है। दुनिया में विश्व बंधु के रूप में भारत की छवि और भी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने मौसम विज्ञान की दक्षता को अधिकतम करने और प्रकृति को जिम्मेदार ठहराने वाली आपदाओं के प्रभाव को कम करने के महत्व को पहले ही समझ लिया था। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार नए भारत के मिजाज का हिस्सा हैं।

### भारतीय ओलंपिक संघ में आपसी मतभेद और सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर खींचतान जारी

jasclaudius@gmail.com

# सफलता के लिए सब का एकजुट होना जरूरी

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

भारत में खेलों के विकास, आयोजन, प्रशिक्षण से लेकर विस्तार की जिम्मेदारी इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन नई दिल्ली को है। 1923-24 में प्रोविजनल आल इंडिया ओलंपिक कमेटी का गठन हुआ। इसी कमेटी की अगुवाई में फरवरी 1924 में राष्ट्रीय खेलों का पहला आयोजन हुआ। आगे चलकर 1927 में इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन का गठन हुआ जिसमें सर डोराबजी टाटा अध्यक्ष और डॉ. एजी नोहरेन सचिव बने। बाद में महाराजा मानवेंद्र सिंह, राजा भालेंद्र सिंह, एयर चीफ मार्शल ओपी मेहरा, पं. विद्याचरण शुक्ल, डॉ. बी सिवानयी आदित्यन, सुरेश कलमाड़ी, प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा, अभयसिंह चौटाला, एन रामचंद्रन क्रमशः अध्यक्ष बनते चले गए। चूंकि स्वतंत्रता के पश्चात अब तक भारतीय खिलाड़ियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं है अतः आईओए के अध्यक्ष व महासचिव पद पर नियुक्त पदाधिकारियों के बारे में अक्सर कहा जाता है कि उनकी पृष्ठभूमि पूरी तरह एक खिलाड़ी की नहीं रही इसलिए ऐसा हो रहा है। एक लंबे समय से यह मांग की जाती रही कि इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की बागडोर किसी जमीनी स्तर के खिलाड़ी को दिया जाना चाहिए। जब अध्यक्ष पद पर किसी खिलाड़ी की नियुक्ति की जायेगी तो हमारे देश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ न्याय होगा। अतः उड़नपरी के नाम से विख्यात भारत की महान धाविका पीटी ऊषा को आइओए का अध्यक्ष चुना गया। इस तरह यह माने जाने लगा कि अब भारतीय खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक जीतकर भारत का नाम रौशन करेंगे। उम्मीद थी कि परिवर्तन से मन में पैदा हुई शंकाएं दूर होगी परंतु 10 दिसम्बर 2022 को जब से इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन नई दिल्ली में नये पदाधिकारियों ने चार वर्ष का कार्यकाल ग्रहण किया है उसकी समीक्षा कर ली जाए तो दिसंबर 2018 तक की पिछले चार वर्ष की अवधि के दौरान हमारे प्रतिभागियों की सफलता में कोई विशेष अंतर दिखाई नहीं देता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं अध्यक्ष और पूरी कार्यकारिणी चाहे महिलाओं की हो या पुरुषों की जब तक खिलाड़ियों को अत्याधुनिक अधोसंरचना के साथ, उच्च प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा गहन प्रशिक्षण न दिया जाए और खिलाड़ियों के मन में सफलता प्राप्त करने की ललक ना हो तो परिणाम अपेक्षाकृत नहीं आ सकते। इसके साथ ही चूंकि पीटी ऊषा इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की पहली महिला अध्यक्ष बनी अतः उनके कार्यकाल में महिला/पुरुष एथलीट द्वारा कुछ अलग कर गुजरने की सोच रखना भी गलत साबित हो गई। इन सबके बावजूद अब इंडियन एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी ऊषा तथा शासकीय कार्यशैली के बीच मनमुटाव चल रहा है। इसका खुलासा खुद ही पीटी ऊषा ने किया है। उन्होंने खेल मंत्रालय के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे खेल मंत्री के सामने गलत तथ्य प्रस्तुत करके आईओए और सरकार के बीच गलतफहमी पैदा करते हैं। यह आरोप जांच का विषय है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भारत को खेल में विश्व का सिरमौर बनाना चाहते हैं तो फिर वे चाहे ओलंपिक संघ या शासकीय तंत्र के कौन तत्व हैं जो खेलकूद की गतिविधि को आगे बढ़ाने या सामान्य रूप से संचालित करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं? इधर आईओए के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष पीटी ऊषा के कार्यप्रणाली से भी असंतोष जाहिर किया है। और पिछले सितंबर में असंतुष्ट पदाधिकारियों ने इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद को पत्र भी लिखा है। इस तरह की शिकायत से विदेशों में भारत की किरकिरी हुई तथा इससे भारतीय खेल जगत का कोई भला होने वाला नहीं। 2036 में भारत में ओलंपिक खेलों के आयोजन की चर्चा चल रही है तब इस तरह ओलंपिक संघ के अंदर खटपट की बातें अत्यंत चिंताजनक है। लगता है जिस उद्देश्य से पीटी ऊषा और अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई थी वह सफल नहीं हो सकी है और इस तरह के विवाद से कुल मलाकर भारत के खेल व खिलाड़ियों के हित का नुकसान हो रहा है जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए।

## एक नजर

### महिला ने घर में लगाई फांसी

**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि महिला ने सिर्फ इसलिए फांसी लगा ली क्योंकि उसके पति ने उसे उसके जीजा से बात करने से मना किया था पुरानी भिलाई पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है मंगलवार को उसका पीएम होगा पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि उनके पास को सूचना आई कि उमदा भिलाई -3 बाजार चौक में एक महिला ने घर में फांसी लगा ली है पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि महिला का शव बिस्तर पर था पुलिस ने तुरंत शव को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया महिला के पति दीपक कुमार ने बताया कि वह बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के कमरथू में रहता है। वह डेढ़ महीने पहले ही अपनी पत्नी मंजीता कुमारी (20 साल) के साथ भिलाई तीन उम्दा रहने आया था यहां वह हथखोज स्थित मयूरा कंपनी में काम करता था दीपक ने बताया कि उसकी पत्नी उसके साढू से आए दिन बात करती थी, जबकि उसकी उसके साढू से दुश्मनी है उसने पत्नी को मना किया कि जब उसकी उसके साढू से नहीं बनती तो वह अपनी बहन और जीजा से रिश्ता क्यों रखती है हर दिन फोन पर जीजा से क्यों बात करती है इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई थी देर रात डेढ़ बजे जब दीपक की बेटी रोई तो उसने उठकर उसे चुप कराया और देखा कि उसकी पत्नी खिड़की के सहारे गमछे से फंदा बनाकर उसमें फांसी लगा ली है।

### यूथ सिख सेवा समिति ने उठाया संस्कार सेवा एवं गुरुद्वारा साहिब में लंगर-पाठ का भार



**भिलाई, 14 जनवरी।** यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने एक बार फिर अपनी मानवता और कर्तव्यपरायणता को सार्थक करते हुए सरदार बूटा सिंह के परिवार को कठिन समय में सहयोग प्रदान किया। सरदार बूटा सिंह जो कुरूद में किराए के घर में रहते थे और पिछले 3 वर्षों से मुंह के कैंसर से पीड़ित थे, का हाल ही में निधन हो गया। उनके पीछे तीन बेटियां हैं, जिनमें से एक शादीशुदा है, एक सिलाई का काम करती है और एक स्टेशनरी की दुकान पर काम करती है। कठिन परिस्थितियों में भी, उनका परिवार अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में लगा रहा।उनके इलाज का जिम्मा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू) ने लिया था। उनके निधन की सूचना मिलने पर, समिति ने तुरंत उनके अंतिम संस्कार और अन्य धार्मिक कर्तव्यों का दायित्व संभाला। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने न केवल सरदार बूटा सिंह का सह सम्मान अंतिम संस्कार किया, बल्कि गुरुद्वारा साहिब में लंगर और पाठ की सेवा भी आयोजित की। एक ऐसा समय भी आया जब अंतिम संस्कार में कंधा देने के लिए पुरुषों की कमी थी। इस स्थिति में, समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ने न केवल व्यक्तिगत रूप से इस जिम्मेदारी को निभाया, बल्कि पूरी टीम के साथ महासचिव जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह, हरजिंदर सिंह, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव निर्मल सिंह, ऋषि सिंघ मुक्तिधाम तक उपस्थित रहे। संस्कार की सभी आवश्यकताओं से लेकर लंगर सेवा तक, यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने यह सुनिश्चित किया कि सरदार बूटा सिंह को सम्मानजनक विदाई दी जाए। समिति ने यह दिखाया कि सिख धर्म की शिक्षाएं न केवल धार्मिक कर्तव्यों तक सीमित हैं, बल्कि समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों की सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### छत्तीसगढ़ की महिला हैंडबाल टीम ने स्वर्ण पदक जीता

**भिलाई, 14 जनवरी।** असम हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गुवाहाटी, असम में 10 से 13 जनवरी तक मे भाग लेने हुये छत्तीसग? राज्य की महिला हैंडबाल टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 13 जनवरी फाइनल मैच छत्तीसग? एवं केरल के मध्य खेला गया जिसमें छत्तीसग? ने केरल को दो सीधे सेटों में प्रथम सेट 14-11 एवं दूसरे सेट में 19-11 गोलों से हराकर प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

# सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य नागरिकों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना : मनीषा रावटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 14 जनवरी।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आज मनीषा ठाकुर रावटे सेनानी 20वीं वाहनी की ए कंपनी धवाईपानी कंपनी कमांडर वशिष्ठ गुप्ता द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। सुदूर वनांचल क्षेत्र के इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सेनानी श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा की गई, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य नागरिकों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि समाज में शांति और सौहार्द बना रहे। इस अवसर पर सहायक सेनानी शिव शंकर साहनी, सीसी रणवीर सिंह, सरपंच मंजू लता मारकंडे, अर्चना गोस्वामी, यमुना सनी प्रकोष्ठ प्रभारी सहित आसपास के विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल समुदाय में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है, बल्कि युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बेहतर मार्गदर्शन मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जबकि खेलों में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न खेलों में भाग लेने से कार्यक्रम का माहौल उत्साही और जोशपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में हर्ष का वातावरण देख महिलाओं ने भी अपनी सहभागिता दी । अंत में सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए, और कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ। इस आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समाज में शांति, सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के आयोजकों और उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर काम किया और सामूहिक प्रयासों से यह कार्यक्रम अविस्मरणीय बना।

सेनानी 20वीं वाहिनी ए कंपनी धवाईपानी द्वारा आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों का चिकित्सा परीक्षण किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक करना और उन्हें जरूरी स्वास्थ्य जांचें प्रदान करना था।स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों का चेकअप किया और उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच की महत्ता पर जोर दिया। शिविर में रक्तचाप, शुगर, आंखों की जांच, रक्त परीक्षण सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांचों का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ डॉक्टरों ने लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए उचित आहार, नियमित व्यायाम और समय पर चेकअप की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मौजूद सरपंच मंजू लता मारकंडे और अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को समझाया और कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।स्वास्थ्य शिविर के दौरान आसपास के गांवों के लोग काफी संख्या में पहुंचे और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर का आयोजन ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और उन्हें बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था।इस शिविर के सफल आयोजन से यह साबित हुआ कि सामुदायिक प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच को बेहतर बनाया जा सकता है।



## डिप्टीसीएम विजय के हाथों से स्कूटी पाकर दिव्यागजनों में दिखी खुशी

**कवर्धा, 14 जनवरी।** कबीरधाम जिले में दिव्यांगजनों के जीवन को नई दिशा देने की एक अभूतपूर्व पहल करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 40 दिव्यांगजनों को स्कूटी का वितरण किया । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह स्कूटी दिव्यांगजनो के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्कूटी मिलते ही दिव्यांग हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी की लहर देखने को मिली। हितग्राहियों ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उनकी जिंदगी में एक नया मोड़ आएगा और वे अपने सपनों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। दिव्यांग हितगाही छोटी मेहरा ने बताया कि यह स्कूटी मेरे लिए एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास का प्रतीक है ।




## पटेल समाज पाटन राज के विभिन्न ग्रामों में माँ शाकंभरी जयंती धूम धाम से मनाई गई

**उतई, 14 जनवरी।**पाटन, केसरा,जरवाय,सावनी,मचांदुर ,धनोरा खमहरिया आदि गांवों में वही पाटन के मां शकमभरी जयंती के कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी उपस्थिति दी और मरार समाज को मेहनत कश समाज कहा और अपने परिश्रम के बल बूते अन्य समाज की तरह अग्रणी हो रहा है पटेल समाज पाटन राज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल




## बीएमडीसी में पावर प्रोफेशनल्स मीट का आयोजन

**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पावर सिस्टम विभाग और एएंडडी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 10 जनवरी को 8 घंटे का पावर प्रोफेशनल्स मीट आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। संचालन सहायक महाप्रबंधक निकुंज कुमार और सहायक महाप्रबंधक सचिन प्रधान ने किया। मुख्य महाप्रबंधक टी कृष्ण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# स्वामी विवेकानन्द जयंती पर साहू समाज ने किया तहसील स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 14 जनवरी।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती पर साहू सदन पाटन में युवा सम्मेलन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाज के युवाओं ने विश्राम गृह पाटन से साहू सदन पाटन तक शोभायात्रा निकाली। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 31युवाओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अखिल भारतीय तेलीक महासभा एवं विधायक कसडोल संदीप साहू ने कहा तहसील साहू संघ पाटन द्वारा युवाओं में समाजिक जागरूकता एवं उनके कैरियर निर्माण की दिशा में बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में समाज की ताकत के बदौलत आज 12 विधायक साहू समाज से है। अध्यक्षता कर रहे नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, विशिष्ट अतिथि डॉ दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, विशेष अतिथि अश्वनी साहू प्रदेश प्रतिनिधि जिला साहू संघ दुर्ग, अशोक साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, मोनू साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, मुकेश साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग सहित अन्य अतिथियों ने समाज में युवाओं की सक्रिय भागीदारी, युवाओं को नशा से दूर रहने अपने व्यक्तित्व विकास पर जोर देने की कही। इस अवसर पर सामाजिक मद से निर्मित अतिरिक्त कक्ष एवं अहाता निर्माण का लोकार्पण किया गया। स्वागत भाषण दिनेश साहू ने दिया। मंच संचालन खेमलाल साहू एवं आभार प्रदर्शन गोपेश साहू ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन साहू, सलाहकार रमेश साहू,प्रेमलाल साहू,दिलीप साहू,गंगादीन साहू,लालेश्वर साहू,धनराज साहू,किशोर साहू,मोहन साहू,दिव्या साहू,चंद्रिका साहू,किशन हिरवानी, महेंद्र साहू,सरिता साहू, डॉ गुलाब साहू, डॉ सुरेश साहू,देवनारायण साहू,सूरज साहू,कमलेश्वरी साहू,राजू साहू,सोहन साहू,टेस राम साहू, दुलेश्वर साहू,रविशंकर साहू,हरिशंकर साहू,विमला साहू,मनीष साहू,कौशल बनपेला,कुलेश्वर साहू,सुरेन्द्र साहू,लालजी साहू,पारखत साहू,लोकेश साहू,बलराम साहू,गायत्री साहू,उषा साहू, कमलेश साहू,नारद साहू, बेनीराम साहु,अर्जुन साहू, डॉ हिमाचल साहू,,कृष्णकुमार साहू, सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसपीस और एसएमएस के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन



**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट्स और स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के मुख्य महाप्रबंधकों के बीच एक मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह वॉलीबॉल मैच 11 जनवरी को हॉस्पिटल सेक्टर स्थित मैदान में खेला गया। यह मैच टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज के तहत खेला गया, जिसमें दोनों विभागों के कुल 120 अधिकारियों ने भाग लिया था। विजेता टीम स्टील स्मैशर्स का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक पी के सिंह ने किया। उपविजेता टीम मैंगो मेन का नेतृत्व महाप्रबंधक एस सी चांवरिया ने किया।

# उत्साह से मना छेरछेरा पर्व, बच्चे दान लेने पहुंचे घर-घर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 14 जनवरी।** अंचल में महापर्व छेर-छेरा की धूम है। ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। पर्व पर ग्रामीणों ने परिवार के सदस्य और जान पहचान वालों के साथ नई फसल की खुशियां बांटीं। परंपरानुसार बच्चों ने घर-घर जाकर अन्न् दान मांगा। सुबह से ही बच्चों की टोलियां अन्न् दान मांगते दिखे। यह हाल शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में रहा। शहर से लगे हुए टार पाली गांव में बच्चे व ब?ों को डंडा नृत्य कर छेरछेरा की परंपरा का निर्वहन करते देखा गया। छेरछेरा छत्तीसग? के प्रमुख लोकपर्वों में से एक है। इस दिन अन्न् दान मांगने की परंपरा है। कृषक परिवार इस मौके पर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन घरों के दरवाजे पर सुबह से आवाज सुनी जाती है... अरन बरन कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन... छेरछेरा, माई कोठी के धान ले हेरते हेरा... दरअसल, इस दिन मोहल्लों में बच्चों और युवाओं की टोलियां सुबह से दान मांगने के लिए निकल प?ती हैं। यह त्यौहार पौष महीने के पूर्णिमा के दिन से शुरू होता है और लगभग सप्ताह भर तक चलता है इस कारण इस



त्यौहार को पोष पुनी त्यौहार कहा जाता है। आदिवासियों के साथ गैर आदिवासी वर्ग के लोग भी इस त्यौहार को मनाते हैं। यह इस क्षेत्र की जनजाति के लोगों का प्रमुख त्यौहार है। मौसम के बदलते मिजाज के बावजूद इस पुन्नी त्योहार में बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह से ही बच्चे सज संवरकर हाथों में थैला लिए नगदी जमा करने निकल प?ी पारंपरिक गीत छेरछेरा एवं नृत्य करते हुए झुंड में बच्चों ने छेरछेरा त्योहार मनाया। इस अवसर पर छेरछेरा पुनी नृत्य कर रहे बच्चों, बुजुर्गों को ग्राम व नगरवासी जो भी उनसे बन प?ा उन्हें दान किया। गौरतलब हो कि छेरछेरा त्योहार के दिन लोग कामकाज पूरी तरह बंद रखते है। इस दिन लोग प्राय~ गांव छो? कर बाहर नहीं जाते उत्सव मनाते है। आधुनिक दौर भी परंपरा बरकरार~ देखा जाए तो आधुनिक इंटरनेट के जमाने मे भी यह परंपरा आज भी जीवित है और आज भी लोग छेर छेरा मांगने वालों को खाली हाथ नही लौटाते है। ऐसी मान्यता है कि छेर-छेर मांगने वालों के वेष में स्वयं महादेव उनके द्वारा आए हैं और उन्हें खाली हाथ लौटाने वाले के घर में बरकत नहीं होती है। छेर-छेरता मांगने वाले गांव में लोगों के घरों के सामने टोकरी लाकर रख देते हैं।



## हुडको में राम कथा का भव्य आयोजन किया गया : दीपांकर

**भिलाई, 14 जनवरी।** हुडको में राम कथा का आयोजन भव्य रूप से किया गया। जिसमें संत राम दास ज्ञानी, तारखेड़ी महाराष्ट्र आश्रम के संत और हुडको वासी सभी एकजुट हो कर राम और रामायण के नाम पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस महापर्व पर राजनीतिक दलों के सभी गणमान्य सांसद, विधायक, पूर्व राजनीतिक पदाधिकारी गण, महापौर, और वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे। भंडारे का विशाल आयोजन किया गया। कथा से पूर्व एक विशाल कलश यात्रा का भी आयोजन हुआ जिसमें भाग लेने वाली सभी महिलाओं को समिति की ओर से साड़ी का वितरण किया गया जो कि अपने आप में इस आयोजन का एक विशिष्ट प्रयोग रहा। राम कथा समिति के सदस्य एवं संगीतज्ञ दीपांकर दास ने बताया कि सभी सात दिन विशेष रूप से भंडारे का भी आयोजन किया गया था जिसकी वजह से लोगों ने और भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ऐसी भक्तिमय आयोजनों का इस समाज को आज के समय में बहुत ही आवश्यक है, इससे आने वाली पीढ़ी हमारी धर्म को और धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगी।

# महाकुंभ के लिए विधायक की भेजी 5 हजार कंबल की पहली खेप पहुंची प्रयागराज



**भिलाई, 14 जनवरी।** विधायक रिकेश सेन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ जाने के इच्छुक वैशाली नगर विधानसभा के दर्शनार्थियों के लिए रेलवे के एक तरफ स्लीपर टिकट का किराया देने की पूर्व घोषणा के अनुसार अलग-अलग तिथियों पर अब तक 3 हजार 250 लोगों को टिकट वितरण किया जा चुका है। बढ़ती सर्दी के मद्देनजर सेन द्वारा विभिन्न अखाड़ों के माध्यम से तीर्थयात्रियों को भेजे गए 5000 कंबल का वितरण 12 और 13 जनवरी को किया जा चुका है। सेन ने बताया कि लगभग 50 हजार कंबल वैशाली नगर विधानसभा से भिजवाए जा रहे हैं ताकि ठंड से अधिक से अधिक महाकुंभ पहुंचे दर्शनार्थियों को राहत मिले और जरूरतमंद लोग जो प्रयागराज पहुंच रहे हैं उनको मौसम की वजह से दिक्कत न हो। सेन ने कहा कि हमने तय किया था कि वैशाली नगर विधानसभा से जो लोग भी महाकुंभ में जाना चाहते हैं प्रयागराज, उनके एक तरफ का किराया हम देंगे। जितने लोगों ने आवेदन किया था और जिनके कंफर्म टिकट बन चुके थे, ऐसे 3 हजार 250 इच्छुक दर्शनार्थियों को आज हमने टिकट वितरण किया है। और जो कोई लोग जाना चाहते हैं वैशाली नगर विधानसभा से, उनके एक तरफ का किराया हम देते हुए आने-जाने का कंफर्म भी दे रहे हैं। प्रयागराज में ठंड बहुत ज्यादा है, अपनी विधानसभा से 50 हजार कंबल हम यहां से भेजने का संकल्प लिए हैं जिसमें 5 हजार कंबल की पहली खेप भेज चुके हैं और भी कोई आवश्यकता पड़ेगी तो सनातन धर्म के इस बड़े महापर्व के लिए हम सभी सहयोग के लिए तत्पर हैं ताकि अधिक से अधिक लोग महाकुंभ पहुंच कर इसका लाभ ले सकें।

### टीम छत्तीसगढ़ ने 8वीं एमएमए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

**भिलाई, 14 जनवरी।** टीम छत्तीसगढ़ ने धार, मध्य प्रदेश में 8 से 11 जनवरी तक आयोजित 8वीं एमएमए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन एमपी एमएमए एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था। टीम में 20 खिलाड़ी, 3 अधिकारी, और 1 टीम मैनेजर शामिल थे, जो 7 जनवरी को छत्तीसगढ़ से रवाना हुए थे और 15 पदकों के साथ लौटे। टीम ने कुल प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। टीम छत्तीसगढ़ ने 8 स्वर्ण, 2 रजत, और 5 कांस्य पदक जीते, जबकि पहला स्थान टीम मध्य प्रदेश ने 9 स्वर्ण पदकों के साथ हासिल किया। टीम छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ मेजबान का पुरस्कार प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ एमएमए एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने टीम छत्तीसगढ़ को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमएमए इंडिया नेशनल फेडरेशन के अध्यक्ष मो. शरीफ बापू और महासचिव प्रसाद गायतोंडे ने भी टीम छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उनकी मेहनत की प्रशंसा की।

# प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमला करने वाला कोर्ट में पेश

**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई खूबचंद बघेल महाविद्यालय के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमला करने के केस में टी पवन को कोर्ट में पेश किया गया टी पवन पर आरोप है कि उसने प्रोबीर शर्मा और धीरज वस्त्रकार की मदद की है. टी पवन को आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से कल गिरफ्तार किया गया था. आज शाम व्यवहार न्यायलय में टी पवन को पेश किया गया प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमले का केस सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने इन तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया. जबकी पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने आरोपियों की पुलिस रिमांड की मांग की थी. 6 महीने पहले पुरानी भिलाई क्षेत्र के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमला करने के बहुचर्चित कांड में पहले ही 5 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं वहीं शिवम मिश्रा और एक अन्य आरोपी अभी भी फरार चल रहा है कौन हैं प्रोफेसर और कहां हुआ था हमला भिलाई के खूबचंद बघेल महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमला हुआ



था. हमले में दुर्ग पुलिस ने फरार आरोपियों पर इनाम की घोषणा की थी. मुख्य 3 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया. दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने फरार मुख्य आरोपियों पर 10 - 10 हजार का इनाम भी घोषित किया पुलिस की रिपोर्ट में क्या दर्ज हुआ~ घटना वाले दिन 2 बाइक में सवार 6 आरोपियों ने उनका रास्ता रोक कर पहले गाली गलौच की. बाद में लाठी डंडों से उन्हें जमकर पीटा.मारपीट में प्रोफेसर में गंभीर रूप से घायल हुए. प्रोफेसर के शरीर पर कई जगह फ्रैक्चर आया. दिल्ली के मेदांता अस्पताल में काफी दिन उनका इलाज चला. प्रोफेसर पर हमले की घटना के बाद भिलाई पुलिस ने 6 में से 3 आरोपियों को मध्यप्रदेश के रीवा से गिरफ्तार किया आरोपियों ने क्या कहा आरोपियों के बयान के आधार पर खुलासा हुआ था कि प्रोफेसर पर हमला भिलाई-चरोदा निगम के ठेकेदार प्रोबीर कुमार शर्मा ने करवाया था. इसके चलते थाना भिलाई - 3 पुलिस ने प्रोबीर समेत धीरज वस्त्राकर और शिवम मिश्रा पर आपराधिक षडयंत्र रचने के कारण धारा 61 (2) बीएनएस की धारा जो?ी आरोपी के वकील का क्या कहना है~ इस पूरे मामले में आरोपी के वकील एमपी ठाकुर ने बताया कि जब इस पूरे मामले में चालान पेश हो चुका है, आरोपियों की केवल गिरफ्तारी शेष बताई गई है तो उन्हें पुलिस रिमांड में लेने की कोई वजह नही बनती. वकील ठाकुर का कहना है कि माननीय न्यायालय के सामने उन्होंने पुलिस कस्टडी में आरोपियों को देने का विरोध किया था और आज आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. लेकिन कल इस मामले में फिर से सुनवाई होगी छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि न्यायालय के समक्ष उन्होंने अपना पक्ष रखा था. कोर्ट को बताया कि पुलिस को अभी आरोपियों से काफी पूछताछ करनी है, लेकिन आज उन्हें न्यायाधीश ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है. कल फिर वह इस बात को लेकर दोबारा अपील करेंगे।

### ग्राम कोरिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम को?िया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ एम सरस्वती फार्मासिस्ट सुश्री सुसन जैकब, सुश्री प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन हेतु शंभू दयाल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से डॉ वेदकुमारी साहू, मीना वर्मा, उषा सोनी उपस्थित थी।
























# अग्रहरि वैश्य समाज के युवक-युवतियों ने दिया परिचय

## छत्तीसगढ़ के सांसद - विधायकगण और प्रधान संपादक हुए शामिल,राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय संरक्षक और उद्योगपतियों ने बढाई कार्यक्रम की गरिमा

**रायपुर 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ अग्रहरि वैश्य समाज एवं रायपुर अग्रहरि समाज के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिष्ठा मैरिज पैलेस में अग्रहरि समाज का अखिल भारतीय स्तरीय का युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ छत्तीसगढ़ के साथ मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र उड़ीसा बिहार गुजरात तमिलनाडु सहित अनेकों प्रदेशों से सामाजिक पदाधिकारी एवं युवक-युवतियाँ शामिल हुये। इस आयोजनके माध्यम से अनेकों पालकों का आपस में अपने पुत्र या पुत्री के लिए विवाह योग्य वधु या वर की तलाश के लिए संपर्क एवं विचार -विमर्श हुआ है



कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ जहां पर समाज के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि राष्ट्रीय महामंत्री कुलभास्कर अग्रहरि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रहरि संरक्षक सोमचंद अग्रहरि अजय अग्रहरि उद्योगपति राजेश अग्रहरि विधायक विकास अग्रहरि ,प्रधान संपादक श्री कौशल किशोर मिश्रा जी ,छत्तीसगढ़ अध्यक्ष सुजीत गुप्ता महामंत्री मनोज केशव गुप्ता रायपुर अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता सचिव सौरभ गुप्ता एवं केंद्रीय पदाधिकारी व प्रदेश एवं रायपुर समाज के द्वारा पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात समाज की महिला मंडल के द्वारा गणेश वंदना और स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर मौजूद थे, उन्होंने सभी को समाज सेवा हेतु तत्पर रहने की प्रेरणा दी और कहा कि समाज की एकजुट तभी है जब हम संगठित होकर समाज को एक मूर्त रूप दें इस अवसर उन्होंने समाज के भवन हेतु सांसद निधि से 25 लाख रुपए देने की घोषणा की रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के दशा दिशा बदलने में सहयोग करेंगे वही रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी जी इस सार्थक पहल के लिए अग्रहरि समाज को शुभकामना देते हुए कहा कि समाज ने जो कार्यक्रम आयोजित किया है निश्चित रूप में उस समाज के नवयुवक और युक्तियां को सरलता के साथ विवाह दांपत्य सूत्र में बंधने का अवसर मिलेगा

राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और उसके साथ आज हमारे समाज में भी परिवर्तन की जरूरत है छत्तीसगढ़ अग्रहरि समाज के द्वारा यह बृहद आयोजन जो किया गया है निश्चित रूप में बहुत ही सराहनीय है उन्होंने पुनः आग्रह किया कि अग्रहरि समाज के द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन में युवक युक्तियां को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए राष्ट्रीय महामंत्री कुलभास्कर अग्रहरि ने कहा कि जिस हिसाब से समाज में लड़के और लड़कियों के ग्राफ में कमी आ रही है उसे पर हम सबको चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है संरक्षक सोमचंद अग्रहरि ने इस कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की वही फतेहपुर से के विधायक विकास अग्रहरि ने कहा कि समाज के उत्तरोत्तर विकास हेतु इस प्रकार के आयोजन होना नितांत आवश्यक है उद्योगपति राजेश अग्रहरि मसाला वालों ने कहा कि यदि समाज में इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे तो हमारे समाज का निश्चित रूप में उत्थान होगा रायपुर में आयोजित परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवक और युवतियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




# नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में नए सीएमओ से ग्रामीणों को ग्राम के विकास की उम्मीद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 14 जनवरी।** लाल बहादुर नगर को नवगठित नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त ही ग्रामीण ग्राम में विकास व रुके कार्यों को पूरा होने के कयास लगा रहे है साथ ही गंदगी से भरे पड़े नालों और नालियों की साफ सफाई की बाँट जौ रहे है. वहीं नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ ) के आने से ग्रामीणों में गांव के विकास को लेकर आस जगी है. पालिका अधिकारी के आने के बाद उनके दिशा निर्देश पर साफ सफाई अभियान का कार्य उनकी मौजूदगी में प्रारंभ किया जा चुका है. उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के निर्देश उपरान्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्वयं रोजाना समस्त कार्यों का निरीक्षण करते हैं एवं समक्ष उपस्थित होकर कार्य करवाते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्यो को देखकर नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के वरिष्ठ नागरिक खेदू राम साहू,घनश्याम वैष्णव सहित पूर्व सरपंच देवेंद्र साहू ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद और नगर पंचायत गठन उपरांत श्री दुबे के पदस्थापना से नगर में साफ सफाई की व्यवस्था के साथ साथ ऑफिस कार्य को भी दुरुस्त किया गया है।



सरकार द्वारा अटल परिसर निर्माण सहित अधोसंरचना के निर्माण कार्य के टेंडर कर दिए गए हैं जिसे जल्द ही प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है. हर वार्ड में मूलभूत आवश्यकता को देखते हुए प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं जिसे मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा स्वयं रुचि लेते हुए करवाया जा रहा है। पूर्व सरपंच देवेंद्र साहू ने बताया कि नगर पंचायत में कर्मियों की कमी के बाद भी श्री दुबे स्वयं प्लेसमेंट कर्मचारियों के साथ उन्हें कार्य सिखाते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं. जल्द ही निकाय में निर्माण कार्य,पेयजल सहित बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त हो जाएगी।

# राज्यपाल ने दशप्रीत कौर को डाक्टर की डिग्री प्रदान की




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 14 जनवरी।** खालसा स्कूल में छात्रा व राजनांदगांव डेंटल कॉलेज से पढ़कर दशप्रीत कौर भाटिया,को राज्यपाल के द्वारा डॉक्टर की डिग्री प्रदान की गई. इस अवसर पर समाज के लोगों ने कहा डोंगरगढ से खालसा स्कूल की छात्रा बिटिया दशप्रीत कौर, परिवार का,समाज का नाम व डोंगरगढ का नाम रोशन की है।

## मोबाइल छीन कर भागने वाला गिरफ्तार

**रायपुर 14 जनवरी।** प्रार्थी रोशन लाल नागवंशी पिता श्री हरिराम नागवंशी उम्र 19 साल निवासी अभिलाषा स्कूल राजनांदगांव, थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव दिनांक 27.11.2024 को लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव का छात्र है घटना दिनांक 27.11.2024 को यह सुबह कॉलेज से जाते समय शीतला मंदिर राजनांदगांव के पास एक अजनबी युवक एक्टिवा मोटर सायकल में प्रार्थी से उसके लावा कंपनी के मोबाईल कीमती 07 हजार रूपये को बात करने के बहाने मांगकर झपटमारी कर भाग गया।

# वाणिज्य विभाग ने मनाया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 14 जनवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में वाणिज्य संकाय द्वारा विगत दिनों बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को सत्र 2024 -25 के शैक्षणिक गतिविधि के अंतर्गत प्राचार्य डॉ ई .वी रेवती के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को मुख्य दिशा देते हुए प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की उपभोक्ता संबंधित जानकारी दी, जिसमें उपभोक्ता के अधिकार और उपभोक्ता शोषण से बचने के लिए उपभोक्ता के अधिकारों के बारे में बताया गया । विद्यार्थियों के लिए उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय




उपभोक्ता दिवस पर भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जितेंद्र बीकॉम सेकंड ईयर के विद्यार्थी और पोस्टर मेकिंग हेमलता प्रथम , नैंसी जैन द्वितीय और कामेश्वरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक बेदप्रकाश साहू के द्वारा उपभोक्ता को आने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया और साथ ही साथ उनके निराकरण के उपाय भी बताए गए। अतिथि व्याख्याता पुर्वेश बांधव द्वारा विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए उनके करियर संबंधित उचित मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों अकादमिक गतिविधियों और नेतृत्व क्षमता के विकास और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन बी कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थी दुखहरण के द्वारा किया गया।

# आवास योजना से बदल रहा है शहरी जीवन

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** राजनांदगांव निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ''मोर जमीन मोर मकान के तहत् कुल 7585 आवास पूर्ण हो गये है और 680 आवास विभिन्न अलग-अलग स्तर पर निर्माणाधीन है। आवास योजना के माध्यम से शहर के जरूरतमद एवं गरीब परिवारों के सर पर पक्की छत हो इस पर निरंतर नगर निगम राजनांदगांव का सार्थक प्रयास जारी है। आवास योजना का लाभ देने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में मोर जमीन मोर आवास योजना से जुडे सभी वास्तुविद एवं इंजीनियरों के द्वारा नगर में अच्छे एवं सुंदर आवास निर्माण के लिये हितग्राहियों को सलाह दी जा रही है, सलाह अनुसार आवास का निर्माण किया जा रहा है। अच्छे और सुंदर सर्वसुविधा युक्त आवास का निर्माण करने वाले हितग्राहियों को समय समय पर शासन द्वार प्रोत्साहित भी किया जाता रहा है। राजनांदगांव शहर के वार्ड क्रमांक 34 कन्हारपुरी में निवासरत मजदूर कार्य करने वाले अश्वनी विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय आनंद विश्वकर्मा ने आवास योजना का लाभ लेकर शासन का धन्यवाद ज्ञापित कर अपनी आप बिती बताया कि मिट्टी के कच्चे घर में रहकर अपना जीवन यापन करते थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिये 2800 आवेदन प्राप्त

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में बे-घर, बे-सहारा लोगों को स्वयं के आवास देने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिये नगर निगम राजनांदगांव द्वारा हितग्राही सर्वे कार्य प्रगति पर है। मोर जमीन मोर मकान बीएलसी के तहत अपनी स्वयं की भूमि पर आवास निर्माण करने के लिए नए सिरे से आवेदन करने हेतु लगातार आवेदक अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निकाय में उपस्थित होकर अपने आवेदन फार्म जमा कर रहे हैं।

नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना से जुडे अधिकारी व कर्मचारी द्वारा मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरी प्रशासन मंत्री माननीय श्री अरुण साव के निर्देशानुसार सभी पात्र हितकारी तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए वार्डों में सर्वे कार्य कार्यालय में हेल्प डैस्क लगाकर योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है। सभी पात्र हित भाइयों को योजना के तहत लाभ प्रदान करने पक्के आवास उपलब्ध कराकर शासन आदमी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके जीवन स्तर को सुधारने का एक सफल प्रयास किया जा रहा है।

संपादकीय

# अतिरिक्त धान खपाने का तरीका ढूंढना चाहिए

कोई भी समस्या है तो उसका समाधान खोजने का प्रयास किया जाना चाहिए। यदि समस्या का समाधान खोजने का प्रयास नहीं किया जाता है तो समस्या बनी रहती है और वह जटिल व बड़ी होती है, जब जटिल व बहुत बड़ी हो जाती है तो उसका समाधान मुश्किल हो जाता है। उससे नुकसान भी बहुत होने लगता है। छत्तीसगढ़ में किसान व धान की राजनीति का बड़ा महत्व है। जो राजनीतिक दल इनको प्रभावित कर लेता है, उसकी राज्य में सरकार बनने की संभावना ज्यादा रहती है माना जाता है कि जिसके साथ किसान होते हैं, वही जीतता है। इसलिए किसानों को प्रभावित करने, उनका दिल जीतने का प्रयास कांग्रेस व भाजपा करते हैं। जो सफल हो जाता है, राज्य में उसकी सरकार बनती है। इस मामले में रमन सिंह सबसे ज्यादा सफल रहे, उनको राज्य की जनता व किसानों ने सबसे ज्यादा सेवा का मौका दिया। उनकी सरकार राज्य में लगातार पंद्रह साल रही। उनके समय में ज्यादा किसानों से प्रति एकड़ ज्यादा धान ज्यादा पैसे में खरीदा जाता था। भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस ने किसानों से वादा किया कि वह भाजपा सरकार से ज्यादा पैसे में ज्यादा किसानों का ज्यादा धान खरीदेगी तो राज्य की जनता व किसानों ने भूपेश के नेतृत्व में कांग्रेस को जिताया। कांग्रेस की सरकार बनी। कांग्रेस की सरकार ने पांच साल तक ज्यादा पैसे में ज्यादा किसानों का धान खरीदा। हर साल धान खरीदी का नया रिकार्ड बनता था। भूपेश सरकार से ज्यादा पैसे में धान खरीदी का वादा भाजपा ने किया तो जनता व किसानों ने फिर एक बार भाजपा को जिताया और भाजपा की सरकार बनी। साय सरकार को एक साल हो गया है। एक साल में उसने खुद को किसान हितैषी साबित किया है। दो साल का बकाया बोनस दिया है,साथ ही ज्यादा किसानों से ज्यादा धान ज़्यादा पैसे देकर एक साल खरीदा भी है। इससे निश्चित रूप से किसानों को फायदा हुआ है, उनको ज्यादा पैसा मिल रहा है, उनकी आर्थिक स्थिति सुधर रही है। यह अच्छी बात है क्योंकि जब पंजाब व हरियाणा के किसान एमएसपी के लिए आंदोलन कर रहे हैं तो छत्तीसगढ़ में किसानों का धान का सबसे ज्यादा पैसा मिल रहा है। यहां के किसानों का धान एमएसपी में खरीदा जा रहा है और किसान उन्नति योजना के तहत अलग से अंतर की राशि उनके खाते में एकमुश्त भेज दी जाती है। किसानों का धान का वाजिब पैसा मिलना चाहिए। इसमें किसी को आपत्ति नहीं हो सकती ।इस साल राज्य के पंजीकृत लाखों किसानों से सरकार का लक्ष्य 160 से 165 लाख मी. टन धान की खरीदी करना है। यह पिछले साल से ज्यादा और अब तक की गई सबसे ज्यादा धान खरीदी भी होगी।राज्य के लोगों को राशन दुकान से दिए जाने वाले चावल को कोटा जमा करने व केंद्रीय पूल में एफसीआई में 70 लाख टन चावल देने के बाद भी 40 लाख मी.टन धान बच जाएगा।इसकी कस्टम मिलिंग नहीं हो पाएगी। मंत्रीमंडलीय उपसमिति ने शेष बचने वाले 40 लाख मी. टन धान को खुले बाजार में बेचने का फैसला किया है। इसका अंतिम फैसला कैबिनेट करेगी। धान खरीदी समाप्त होने के बाद फरवरी के दूसरे सप्ताह शेष बचे धान की नीलामी हो सकती है।इसका मतलब साफ है कि सरकार जितना धान खपा सकती है, सरकार उससे ज्यादा धान किसानों से खरीद रही है। इसलिए ज्यादा पैसे देकर खरीदा हुआ धान बच रहा है और उसके नीलामी की सरकार सोच रही है। इससे साफ है कि राज्य सरकार जो ज्यादा धान खरीद रही है, वह खरीदना बंद नहीं कर सकती, यह उसकी राजनीतिक मजबूरी है। वह किसानों का हर साल ज्यादा धान खरीदना बंद करती है तो कांग्रेस इसका राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कहेगी कि सरकार किसानों का ज्यादा धान नहीं खरीद रही है,सरकार किसान विरोधी है। किसानों से ज्यादा धान,ज्यादा पैसे देकर खरीदना अब साय सरकार की मजबूरी हो गई है। उसे अगले साल भी धान खरीदना है। अगले साल इस साल से ज्यादा धान और ज्यादा किसानों से खरीदना पड़ेगा। इस साल चालीस लाख मी.टन बचा है तो अगले साल और ज्यादा धान बच सकता है। यह आने वाले दिनों में सरकार के लिए बड़ी समस्या बन सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार को हर साल शेष बचने वाले धान को खपाने का कोई तरीका खोजना होगा। सरकार को कोशिश करनी होगी कि वह जितना धान खरीद रही है, वह पूरी तरह से खप जाए। सरकार के पास कोई धान ही न बचे। धान बचेगा और सरकार उसको खपाने का कोई तरीका नहीं खोज पाई तो उसका हर साल बचे हुए धान की नीलामी करनी पड़ेगी। ऐसी समस्या का सामना भूपेश सरकार को भी करना पड़ा था। वह भी जितना धान खप सकता था, उससे ज्यादा धान खरीद ली थी, धान खरीदी खत्म होने के बाद उसको भी शेष बचे धान की नीलामी करनी पड़ी थी। धान जितने में खरीदा गया था, धान का वह रेट खुले बाजार में व्यापारी देने का तैयार नहीं थे। इससे भूपेश बघेल सरकार को ज्यादा पैसे देकर किसानों से खरीदा गया धान कम पैसे में बेचना पड़ा था और उस साल भूपेश बघेल सरकार को धान खरीदी में घाटा हुआ था। सीधी सी बात है कि जब सरकार धान की नीलामी करेगी उसको धान का उतना पैसा तो नहीं मिलने वाला है जितने में उसने धान खरीदा है। सरकार ने प्रति क्विंटल धान 3100 रुपए में खरीदा है तो स्वाभाविक है कि फरवरी में जो धान का खुले में बाजार भाव होगा, व्यापारी उस कीमत पर ही धान खरीदेंगे और यह 3100 रुपए क्विंटल से कम हो सकता है। सीधी सी बात है कि भूपेश सरकार ने अपने समय में धान 2500 रुपए क्विंटल खरीदा था तो उसका जितना घाटा हुआ था, साय सरकार को भूपेश सरकार से ज्यादा घाटा हो सकता है क्योंकि साय सरकार किसानों को धान का 3100 रुपए दे रही है। साय सरकार अगर अतिरिक्त धान को खपाने का कोई तरीका नहीं ढूंढती है तो हर साल धान खरीदी उसके लिए घाटे का सौदा होती जाएगी और उसका घाटा भी हर साल बढ़ता जाएगा। यानी राजनीतिक फायदे के लिए सरकार हर साल आर्थिक घाटा होगा। इसमें कोई शक नहीं है कि सरकार की धान खरीदी नीति से किसानों को फायदा होगा। लेकिन राज्य सरकार को घाटा होगा। यह घाटा कितना बड़ा होगा इसका पता तो धान की नीलामी होने के बाद चलेगा। यह तो घाटे की शुरुआत है,इसलिए सरकार इसे सहन कर लेगी लेकिन पांच साल में यह घाटा कितना बढ़ेगा और सरकार उसे कितना सहन कर पाएगी यह आने वाले समय में पता चलेगा।

राजनीति

तनवीर जाफरी


# महात्मा बुद्ध के विचारों को 'आचार' में लाना भी जरूरी



हमारा देश भारत को देवी-देवताओं,संतों- ऋषियों व फकीरों की धरती कहा जाता है। हमारे देश में अलग अलग युग व काल में अनेकानेक देवी देवताओं , महापुरुषों , समाज सुधारक, युग प्रवर्तक व धर्म प्रवर्तकों ने जन्म लिया है। इन महापुरुषों द्वारा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुये विश्व को मानवता का सन्देश दिया गया है। ऐसे ही एक महान तपस्वी त्यागी तथा सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुये पूरी मानवता को जीने की एक नई दिशा दिखाने वाले बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान गौतम बुद्ध का नाम भी सर्व प्रमुख है। बौद्ध धर्म कंबोडिया, म्यांमार, भूटान और श्रीलंका में राजकीय धर्म के रूप में अपना स्थान रखता है जबकि थाईलैंड और लाओस में बौद्ध धर्म को विशेष दर्जा हासिल है। चीन, हांगकांग,मकाऊ,जापान,सिंगापुर, ताइवान, वियतनाम,रूस व कलमीकिया में बौद्ध धर्म बहुसंख्य समाज द्वारा अपनाया जाता है जबकि उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, नेपाल और भारत में भी बौद्ध समुदाय की बड़ी आबादी रहती है। ईसा पूर्व 563 में नेपाल के लुम्बिनी में जन्मे महात्मा बुद्ध का पूरे विश्व में अपना प्रभाव छोड़ना और उनके अनुयाइयों का विश्वव्यापी विस्तार इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी है कि वे जनमानस पर अपनी असाधारण छाप छोड़ने वाले एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने पूरी इंसानियत को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने महत्वपूर्ण भाषणों में यहाँ तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ में अपने सम्बोधन में भी महात्मा बुध की शिक्षाओं का जिक्र करते रहे हैं। नवंबर 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 'हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं। वे अनेक बार बुद्ध की सत्य और अहिंसा की नीतियों का उल्लेख महत्वपूर्ण मंचों से करते रहे हैं। लगभग 3 माह पूर्व प्रधानमंत्री ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस को संबोधित करते हुए भी यही कहा था कि 'दुनिया युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में समाधान ढूंढ सकती है। दुनिया को शांति के रास्ते पर चलने के लिए बुद्ध की शिक्षाओं से सीखना चाहिए। ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं बल्कि एक जरूरत भी हैं।' इसी तरह पिछले दिनों एक बार फिर प्रधानमंत्री ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस-2025 का उद्घाटन करते हुए बुद्ध की शिक्षाओं को याद किया और कहा कि यह देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह बता पाने में सक्षम है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है।

सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुनिया को युद्ध के बजाये बुद्ध के शांति अहिंसा के विचारों पर चलने व उसे आत्मसात करने का बार बार जो 'उपदेश ' दिया जाता है स्वयं उनकी पार्टी के नेता उनके विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग क्या बुद्ध की बताई गयी सत्य और अहिंसा की नीतियों का अनुसरण करते भी हैं या नहीं ? क्या हमारे देश में समय समय पर धर्म,समुदाय व जातियों के नाम पर होने वाली हिंसा और इसे भड़काने वाले नेताओं को बुद्ध की सत्य और अहिंसा की शिक्षा से प्रेरित कहा जा सकता है ? यह बुद्ध का ही तो कथन है कि ₹भले ही चाहे कितनी अच्छी बातों को पढ़ लें या उन्हें सुन लें उसका तब तक फायदा नहीं है जबतक हम खुद उस पर अमल नहीं करते ₹। और यह भी बुद्ध ने ही कहा है कि ₹बुराई करने वालों को हमेशा अपने पास रखो क्योंकि वही तुम्हारी गलतियां तुम्हें बता सकते हैं ₹। बुद्ध की इन शिक्षाओं के सन्दर्भ में बुराई करने वालों को तो छोड़िये सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाले विपक्ष व मीडिया से सत्ता कैसे पेश आ रही है ?क्या यही बुद्ध की नीतियों का अनुसरण है ? मनमोहन सिंह जैसे काबिल व्यक्ति की खामोशी पर उन्हें 'मौन मोहन ' जैसे नाम दे दिये गये और अपनी लफ़्फाजियों को 'ज्ञान वर्षा ' का मरतबा दिया जाता है। जबकि बुद्ध का कथन है कि -₹जो लोग ज्यादा बोलते हैं वे सीखने की कोशिश नहीं करते जबकि समझदार व्यक्ति हमेशा निडर और धैर्यशाली होता है जो समय आने पर ही बोलता है₹। यह भी बुद्ध का कथन है कि ह्लदूसरों की आलोचना करने से पहले, खुद की आलोचना करोह्व। परन्तु यहाँ तो गाँधी - नेहरू परिवार व खास समुदाय को कोसने से ही फुर्सत नहीं मिलती। साथ ही स्व महिमामंडन इतना कि स्वयं को 'अवतारी पुरुष' बताने से भी नहीं चूकते ? ऐसे राजनेताओं को बुद्ध का यह कथन जरूर याद रखना चाहये कि -₹जो इर्ष्या और जलन की आग में तपते रहते है उन्हें कभी भी शांति और सच्चा सुख प्राप्त नहीं हो सकता है₹। और यह भी कि-₹आप तभी खुश रह सकते है जब बीत गयी बातों को भुला देते है₹। परन्तु यहाँ तो गड़े मुर्दे उखाड़ कर ही अपनी राजनीति के परचम लहराये जा रहे हैं ? इसी तरह म्यांमार के कट्टरपंथी बौद्ध भिक्षु अशीन विराथु को उनके कट्टरपंथी भाषणों व उनके हिंसक तेवरों की वजह से जाना जाता है। स्वयं को महात्मा बुद्ध का अनुयायी ही नहीं बल्कि बौद्ध भिक्षु बताने वाला यह शख़्स केवल आग ही उगलता रहता है। भारत की बहुसंख्यवादी राजनीति की तर्ज पर यह भी अपने भाषणों के द्वारा बौद्ध समुदाय की भावना को यह कहकर भड़काने का काम करता है कि मुस्लिम अल्पसंख्यक एक दिन देश भर में फैल जाएंगे। इसी कथित बौद्ध भिक्षु को लेकर टाइम मैगजीन ने अपने 1 जुलाई, 2013 के अंक में मुख्य पृष्ठ पर उसकी फोटो 'दि फेस ऑफ बुद्धिस्ट टेरर' या 'बौद्ध आतंक का चेहरा' जैसे शीर्षक के साथ प्रकाशित की थी ? स्वयं को बौद्ध भिक्षु बताने वाले इसी आतंकी अशीन विराथु ने म्यांमार में संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रतिनिधि यांगी ली को 'कुतिया' और 'वेश्या' कहकर सम्बोधित किया था। इस व्यक्ति पर अपने भाषणों के माध्यम से म्यांमार में लोगों को सताने की साजिश रचने व उनकी सामूहिक हत्या कराने का आरोप लगाया गया है। इस के उपदेशों में वैमनस्यता की बात होती है और इसका निशाना मुस्लिम खासकर रोहंग्या समुदाय ही होता है। हालांकि बर्मा के अनेक बौद्ध भिक्षु ऐसे भी हैं जो उसके वैमनस्य पूर्ण बयानों से नाखुश हैं। ऐसे भिक्षु साफतौर से यह कहते हैं कि ₹उन्हें यह सब बहुत खराब लगता है। इस तरह के शब्दों का प्रयोग किसी बौद्ध भिक्षु को नहीं करना चाहिए।₹ इसी तरह पिछले दिनों श्रीलंका में कट्टरपंथी बौद्ध भिक्षु गालागोडाटे ज्ञान सारा को इस्लाम धर्म का अपमान करने और धार्मिक नफरत फैलाने के आरोप में नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 2018 में भी ज्ञान सारा को एक आपराधिक मामले में छह साल की सजा सुनाई गई थी। दरअसल महात्मा बुद्ध के विचारों की बात करना ही पर्याप्त नहीं बल्कि इन्हें अपने 'आचार' व व्यवहार में लाना भी उतना ही जरूरी है।




## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी सुख-सुविधाओं पर पूरा ध्यान देंगे। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई पुराना रोग उभर सकता है, जिसमें आप डील बिल्कुल ना दें। आप किसी नौकरी से संबंधित परीक्षा को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको अपने गृहस्थ जीवन पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। कोई नए काम में आप सोच समझकर हाथ बढ़ाएं।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार के सदस्य से पारिवारिक लड़ाई-झगड़ों को लेकर आपका मन परेशान रहेगा, जिसका असर आपके कामों पर भी पड़ेगा। आपको अपनी इनकम के साथ-साथ खर्चों पर भी कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आपकी किसी बात को लेकर कार्यक्षेत्र में कोई लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपके मित्र के रूप में कुछ नए शत्रु उत्पन्न होंगे।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए किसी पुराने निवेश से लाभ दिलाने वाला रहेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। आप व्यस्त रहने के कारण भी परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको किसी काम के समय से पूरा न होने से निराशा हाथ लगेगी। बिजनेस में यदि कामों में कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छे रहेंगे। नौकरी बदलने के प्रयास आपको अच्छी सफलता देंगे।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आर्थिक मामलों में आपके प्रयास बेहतर रहेंगे। आप अपनी शौक की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी होगी। आपको अपने किसी परिवार के सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको किसी दूर रहने पर परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी छवि खूब निखरेगी।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई नुकसान होने की संभावना है, इसलिए आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच विचारकर करें। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ भविष्य को लेकर योजनाएं बनाएंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**कन्या-** कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आय बढ़ने से खुशी होंगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आपको किसी नई संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा। कला के क्षेत्र में आपकी काफी रुचि रहेगी। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। यदि जीवनसाथी से किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती के लिए पछतावा होगा।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को कामों में अपने सहयोगियों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की ओर से कोई गिफ्ट मिल सकता है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। व्यावसायिक मामलों में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा लेने की आवश्यकता होगी। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहेगी जिस वजह से आप परेशान रहेंगे।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोग अपने टारगेट को पूरा करने की कोशिश करेंगे। नौकरी में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पिताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, जो लोग सिंगल हैं, उनके अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। वाहनों के प्रयोग से आप सावधान रहें। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपनी संतान की फरमाइश पर शौक की चीजों की खरीदारी करेंगे। आपको कामों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालना होगा।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। आपके लिए आज शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी फाइनल हो सकता है। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी संतान से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है। जीवनसाथी के लिए आप किसी नए बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं। आपकी सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप दान-पुण्य के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आपको पार्टनरशिप में किसी डील को फाइनल करने से बचना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी।

## आफत की खुदाई

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

साल 2040 में, नई दिल्ली के एक पुराने मोहल्ले की गली में सन्नाटा था। जुलूस निकल चुका था और उसके साथ ही एक अजीब खामोशी भी छाई हुई थी। गली में बिखरे पत्थरों से ऐसा लग रहा था मानो गली ने किसी दुखद इतिहास को अपने अंदर समेट लिया हो। पत्थर खून से सने हुए थे। ऐसा प्रतीत होता था जैसे पत्थरों ने इंसानों से कुछ सीखा हो और खून के आँसू रो रहे हों। इस सन्नाटे के बीच मोहल्ले के बुजुर्ग नेता रामप्रसाद, अपनी छड़ी टेकते हुए गली के नुक्कड़ पर खड़े थे। उनकी आँखों में एक पुरानी किस्म की गहराई थी। उन्होंने कहा, ₹हमारी गली ने बहुत कुछ देखा है। यह कुर्सियों की लड़ाई का गवाह है।₹ उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा, ₹जब हम युवा थे, इसी गली में कुर्सी के लिए लड़ाइयाँ होती थीं। समय का पहिया घूमता रहा। सदियों बाद जब वही जगह खुदाई के लिए चुनी गई, तो खुदाई दल में शामिल अजय, जो एक युवा इतिहासकार था, वहाँ पहुँचा। उसके साथ उसकी महिला मित्र प्रिया भी थी, जो खुदाई के महत्व को समझती थी। खुदाई की प्रक्रिया शुरू हुई। नई सभ्यता के लोग बड़ी उम्मीदों के साथ आए थे कि शायद रोटी, किताब या डिग्री जैसी किसी उपयोगी चीज के अवशेष मिलेंगे। मगर खोदने पर रोटी के न टुकड़े मिले, न ही किसी किताब का कोई पन्ना। डिग्री तो जैसे उस जगह का सपना भी नहीं थी। यह देखकर खनन दल निराश हो रहा था। तभी टीम के नेता, प्रोफेसर वर्मा, जो कि एक गंभीर और कुशल पुरातत्त्वज्ञ थे, ने कहा, ₹थोड़ा और गहरा खोदते हैं। शायद नीचे कुछ काम का मिल जाए। जैसे ही खुदाई थोड़ी और गहरी हुई, सबकी आँखें फटी की फटी रह गईं। वहाँ, गहरी मिट्टी के भीतर, एक कुर्सी मिली। पर यह कोई साधारण कुर्सी नहीं थी। यह कुर्सी न लकड़ी की थी, न लोहे की। यह तो अस्थियों से बनी थी—सफेद, चमचमाती और बिल्कुल नई जैसी। अजय ने कहा, यह कुर्सी तो अद्भुत है ! प्रिया ने उत्सुकता से कहा, ₹लेकिन यह असंभव है। यह कुर्सी कितनी पुरानी होनी चाहिए, फिर भी इतनी नई दिख रही है ! प्रोफेसर वर्मा गंभीर स्वर में बोले, ₹यह साधारण कुर्सी नहीं है। यह सत्ता की कुर्सी है। और सत्ता की कुर्सी हमेशा नई रहती है। अब यह कुर्सी नई सभ्यता के लिए शोध का विषय बन चुकी थी। इसे एक संग्रहालय में रखा गया, जहाँ लोग इसे देखने आते। कुर्सी के पास एक तख्ती लगाई गईः ₹यह कुर्सी उस दौर की है, जब लोग कुर्सी के लिए खून बहाते थे और पत्थर फेंकते थे। संग्रहालय के एक गाइड, जो कि अपनी बातों में व्यंग्य का एक खास स्वाद रखते थे, ने बताया, ₹इस कुर्सी की खास बात यह है कि इसे बनाने में हड्डियाँ इस्तेमाल हुई हैं। ये हड्डियाँ उन लोगों की हैं, जिन्होंने इसे पाने के लिए जान दी थी, और उन लोगों की भी, जिन्होंने इसे बचाने के लिए जान ली थी। एक दर्शक, जो एक बड़े व्यवसायी थे, ने पूछा, ₹लेकिन यह कुर्सी नई क्यों दिखती है ?₹ गाइड मुस्कुराया और बोला, ₹सत्ता की कुर्सी का यह कमाल है। इसे चाहे कितने भी युद्ध, कितनी भी लड़ाइयाँ सहनी पड़ें, यह हमेशा नई दिखती है। सत्ता कुर्सी पर नहीं, बल्कि कुर्सी सत्ता पर हावी रहती है। यह सुनकर वहाँ खड़े लोग सोच में पड़ गए। नई सभ्यता ने कुर्सी को सिर्फ एक चीज के रूप में देखा था, पर उनके लिए यह सवाल उठ खड़ा हुआ—क्या हम भी उसी दिशा में जा रहे हैं? लोगों ने चर्चा शुरू की। मोहल्ले की चाय की दुकान पर बैठकर मोहल्ले के युवा, जैसे राकेश और सीमा, इस कुर्सी के बारे में बात कर रहे थे। राकेश ने कहा, ₹हमारी सभ्यता में तो युद्ध नहीं होते।₹ सीमा ने कहा, ₹न ही पत्थरबाजी होती है।₹ तभी राकेश ने मजाक में कहा, ₹फिर भी, क्या यह कुर्सी हमारे समय की कहानी भी नहीं है? कुर्सी के नीचे लिखे शब्द—₹यह कुर्सी नई सभ्यता के लिए एक चेतावनी है।₹—ने हर किसी को असहज कर दिया। नई सभ्यता के बुद्धिजीवियों ने बहस शुरू की। अजय ने कहा, ₹हमें इस कुर्सी से सबक लेना चाहिए।₹ प्रिया ने समर्थन करते हुए कहा, ₹लेकिन क्या हम सुनने के लिए तैयार हैं? तभी मोहल्ले के एक पुराने विचारक, रामप्रसाद ने कहा, ₹सबक तो वही लेते हैं, जो सीखना चाहते हैं। हमारी सभ्यता को यह कुर्सी नए तरीके से चाहिए। और फिर वही हुआ, जो हमेशा होता आया है। उस कुर्सी की नीलामी हुई। एक धनी व्यापारी ने इसे ऊँचे दाम पर खरीद लिया और अपने दफ्तर में रख लिया। लोग उस व्यापारी को देखने आते। वह कुर्सी पर बैठा रहता और कहता, ₹देखो, यही असली कुर्सी है। यह मेरे पूर्वजों की मेहनत का फल है। इस बीच, नई सभ्यता में भी गली-मोहल्लों में पत्थर जमा होने लगे। कुर्सी पाने के लिए नई-नई चालें चली जाने लगीं। विचारक रामप्रसाद ने कहा, ₹सत्ता की कुर्सी सिर्फ खून से नहीं बनती, यह उन सपनों से बनती है, जो दूसरों को दबाकर देखे जाते हैं। यह कुर्सी पुरानी भी नहीं होती, क्योंकि इसे हर युग में किसी न किसी ने चमका कर रखा है। लोगों ने उस बूढ़े को अनसुना कर दिया। गली में फिर जुलूस निकला। पत्थर फिर गिरे। खून फिर बहा। और सदियों बाद, एक नई खुदाई के लिए नई सभ्यता तैयार हो रही थी। कहानी का यह विडंबना पूर्ण चक्र तो यही था—जहाँ कुर्सियाँ बदलती हैं, लेकिन रक्त बहाने का खेल सदियों से जारी है। कुर्सी वही रहती है, बस उसके चारों ओर के लोग बदलते रहते हैं। आज भी सत्ता की कुर्सी में वही पुरानी कहानियाँ छिपी हैं, जो हमें बार-बार सिखाने की कोशिश करती हैं।

## सहकारिता

# सहकारिता: एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

मुरलीधर मोहोल



हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (क्ष्अ) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (IYC 2025) का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (SDG) को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

**सहकारी मॉडल: आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार**-सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं। भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।

**सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व**-भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित क्ष्अ वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

**सहकार से समृद्धि का विजन: भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण**-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेजी से डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है।

**वैश्विक एजेंडा: सहकारिता और सतत विकास लक्ष्य**-विश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है।

**आगे की राह: एक सहकारी भविष्य**-सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में ह्यसहकार से समृद्धिह्व के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

**केन्द्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री**

# मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को दी विकास कार्यों की सौगात

## कोंडागांव में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कोंडागांव 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सोमवार को विकास नगर स्टेडियम कोंडागांव में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को लगभग कुल 02 अरब 88 करोड़ 18 लाख 37 हजार रूपए लागत के 168 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 02 अरब 08 करोड़ 26 लाख 46 हजार रुपए लागत के 130 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 79 करोड़ 91 लाख 91 हजार रूपए लागत के 38 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, कांकेर लोकसभा श्री भोजराज नाग, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी,विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टीकाम तथा क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा जल जीवन मिशन फेस-02 अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पंप 212 ग्रामों में लागत राशि 35 करोड़ 18 लाख 31 हजार रुपए, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 (नया क्रमांक-30) के किलोमीटर 162.60 से किलोमीटर 167 (केशकाल घाट भाग) का उन्नयन कार्य लागत राशि 925.89 लाख रुपए, कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत सोनपुर से बन्नुपारा खजरावण्ड तक सड़क निर्माण पुल पुलिया निर्माण 1115.22 लाख रुपए और सड़क निर्माण कार्य कोण्डागांव कोरमेल रोड 34 किलोमीटर स्कूलपारा मटवाल से गुनियापारा कुधूर लागत राशि 612.75 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। वहीं भंवरडीह नदी पर सिरपुर स्टापडेम सह पुलिया निर्माण लागत राशि 1251.16 लाख रुपए, उरिदगांव जलाशय के शीर्ष कार्य तथा नहर सुधार एवं लाईनिंग कार्य लागत राशि 506.43 लाख रुपए, भाटपाल-भोंगापाल से बारदा रोड पर किमी 11/4 पालना नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य लागत राशि 403 लाख रुपए, कोपाबेड़ा जलाशय का सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य लागत राशि 361.990 लाख रुपए, नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, सुकुरपाल पंचायत भवन से भालुडोंगरी मार्ग तक पुल-पुलिया सहित डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य लंबाई 03 किलोमीटर लागत राशि 282.25 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

## एक नजर

### रामचरित मानव जीवन में दर्पण के समान: वैष्णव



**राजनांदगांव 14 जनवरी।** समीपस्थल ग्राम आलीखुटा में विद्या मानस परिवार एवं सम्मत ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय मानस गायन प्रतिस्पर्धा 11एंव 12 जनवरी आयोजित कार्यक्रम द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य राजनांदगांव अध्यक्षता घसिया राम साहू विशेष अतिथि श्रीमती आशोबाई साहू जनक राम साहू पूर्व सरपंच अतिथि ने मानस गायन प्रतिस्पर्धा शामिल मंडली को गमछा श्रीफल नगद राशि सम्मान किया वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरित मानस में प्रभु श्रीराम जी अनुशसर और मानव जीवन के दर्पण के समान है तथा रामायण पाठ हर मानव करना चाहिए मंच संचालक चंद्रभूषण साहू निर्णायक मोहन दास साहू प्रेमलाल साहू ललीत गेडाम आयोजक समिति सदस्य ओकेशवर प्रसाद साहू गिरधर साहू चंदन साहू मोहित साहू बृजलाल साहू ओमप्रकाश साहू मानसिंह साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

### भाजपा की सरकार ने पूरे प्रदेश में षड़यंत्रपूर्वक ओबीसी के आरक्षण में कटौती की है: कुलबीर

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी करते कहा कि प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि मैदानी क्षेत्रों में अनेकों पंचायतें ऐसी है जहां पर लगभग 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब सामान्य सीटे घोषित हो गई है। बस्तर और सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान है सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ, चिरमिरी, भरतपुर सोनहत, बस्तर के 7 जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाडा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गैरोला पेंड्रा मरवाही, और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में मनाया गया युवा दिवस



**किरन्दुल 14 जनवरी।** डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल के सभागार में आज स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया।सर्वप्रथम विवेकानंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । एनएसएस के प्रभारी शिक्षक श्री के पी सिन्हा द्वारा स्वागत भाषण एवं उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विवेकानंद जी के जीवन वृत्त को दिखाया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री पी एल वर्मा द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया और विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का आव्हान किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती विज्ञा त्रिपाठी ने भी छात्रों को संबोधित किया। छात्र विशिष्ट सक्सेना एवं विवेक दुबे द्वारा कविता पाठ एवं शीतल यादव तथा दिपिका सोनी द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजकुमार राय, रूपा सक्सेना, एस के मोहांती , चन्द्र शेखर वर्मा उपस्थित थे।

### दंतेवाड़ा जिले में होगा जू पार्क का निर्माण

**दंतेवाड़ा, 14 जनवरी।** जिला दंतेवाड़ा के लौह नगरी बचेली के स्थानीय हॉकी ग्राउंड मैदान में आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा जिले को 160 करोड़ से अधिक कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन की सौगात दी गई। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम लोगों को छेरछेरा पुन्नी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि माई दंतेश्वरी की धरा पर भूमिपूजन एवं लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यो की घोषणा करना उनका सौभाग्य है। इसके तहत उन्होंने प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य झिरका, कुम्हाररास, गुड़से, घोटपाल, पालनार, सोलर पॉवर प्लांट स्थापना एवं सोलर ड्यूल पंप संयंत्र कार्य हल्बारास, जिले के चारो विकासखण्ड-दन्तेवाड़ा-5 नग, गीदम-5 नग, कटेकल्याण-5 नग, एवं कुआकोण्डा में 5 नग ग्राम पंचायत हाईमास्क लाईट लगाने का कार्य आश्रम भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य, जिला दंतेवाड़ा के बुरगुम समेली मार्ग के किमी 3/6 पर मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य, दंतेवाड़ा में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड निर्माण कार्य, जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य एवं नहर लाईनिंग कार्य, जनसुविधा हेतु पुलिया निर्माण कार्य, डोम शेड निर्माण कार्य डुमामपारा तुमकपाल, जनसुविधा हेतु सड़क निर्माण काय, वृद्धा आश्रम हारम में निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत झोड़ियाबाड़म में पैराबॉयलिंग एवं ड्राईंग यूनिट स्थापना कार्य, संकुल स्तरीय संगठन कक्ष निर्माण कार्य, मॉडल पंचायत भवन विस्तार कार्य आदि।

# शाकंभरी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक लखेश्वर बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 14 जनवरी।** बस्तर विधायक श्री बघेल ने कहा कि सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए छेरछेरा की बधाई और शुभकामनाएं छेरछेरा पर्व नई फसल के घर आने की खुशी में पौष पूर्णिमा के दिन छत्तीसगढ़ में बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है श्री बघेल ने कहा कि महादान और फसल उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला छेरछेरा त्योहार हमारी सामाजिक समरसता, दानशीलता की और समृद्ध गौरवशाली परम्परा का संवाहक है इसी दिन मां शाकम्भरी जयंती भी मनाई जाती है पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, इसलिए लोग धान के साथ साग-भाजी, फल का दान भी करते हैं कार्यक्रम के दौरान बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने पटेल (मरार) समाज भवन का उद्घाटन किया तथा ग्रामवासियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए कुशल नेतृत्व में जनकल्याण के हित मे प्रतिमान स्थापित करते हुए बस्तर विधानसभा विकास की ओर सतत रूप से अग्रसर हैं बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल के गरिमामई उपस्थिति में आज ग्राम पंचायत मूली में बड़ी हर्षोल्लास के साथ मां शाकम्भरी जयंती बनाया गया इसी तारतम्य में आज समाज प्रमुखों ने स्वागत की कड़ी कों बढ़ाते हुए महत्वपूर्ण बातों से भी अवगत कराया इस दौरान मरार समाज के सदस्यों ने एक सामुदायिक भवन का मांग रखी विधायक ने तुरंत हामी भरते हुए 10 लाख रूपये विधायक निधि से देने की घोषणा किये समाज के सदस्यों द्वारा विधायक का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान मौजूद रहे श्रवण कश्यप रुकनाथ पटेल, नकुल पटेल,राजकुमार, खीरसागर,देवेंद्र पटेल, बालाजी पटेल,पदम पटेल, गिरधारी पटेल,तिजू, सोमनाथ,राजनगर पंचायत से गंगा पटेल,शंकर पटेल,मंजेला, गणेश पटेल, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, हरदास बघेल, एवं समस्त समाज प्रमुखगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले को दी 205 करोड़ 80 लाख से अधिक के 137 विकास कार्यों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सुकमा जिलेवासियों को 205 करोड़ 80 लाख से अधिक लाख रुपए के 137 विकास कार्यों की सौगात दिया। मुख्यमंत्री ने 166 करोड़ 64 लाख 70 हजार रुपए से अधिक की लागत से 55 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और 39 करोड़ 16 लाख 18 हजार रुपए की लागत से 82 विकास कार्यों का लोकार्पण किया ।मुख्यमंत्री साय ने भूमिपूजन के तहत छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित के 11 विकास कार्यों हेतु 8 करोड़ 71 लाख 85 हजार रुपए के कार्य, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण एक विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ 88 लाख 3 हज़ार लाख रुपए के कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के एक विकास कार्यों हेतु 66 लाख 27 हजार रुपए के कार्य और लोक निर्माण विभाग के 22विकास कार्यों हेतु 50 करोड़ 92 लाख 67 हजार रुपए के कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक विकास कार्य हेतु 49 लाख 97 हजार रुपए, नगर पालिका परिषद सुकमा के एक विकास कार्य हेतु 83 करोड़ 96 लाख 19 हजार रुपए और जिला निर्माण समिति के 18 विकास कार्यों हेतु 18 करोड़ 99 लाख 72 हजार रुपए की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार लोकार्पण के तहत 39 करोड़ 16 लाख 18 हजार लाख रुपए की लागत से 82 विकास कार्यों की सौगात दी जिसमें छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के 5 कार्यों हेतु 9 करोड़ 71 लाख 36 हजार रुपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 12 विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ 93 लाख 64 हजार रुपए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 15 विकास कार्यों हेतु 9 करोड़ 87 लाख 12 हजार रुपए, जिला शिक्षा अधिकारी के 11 विकास कार्यों हेतु 1 करोड़ 77 लाख 54 हजार रुपए, जिला निर्माण समिति के 37 विकास कार्यों हेतु 14 करोड़ 03 लाख 01 हजार रुपए, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के एक विकास कार्य के लिए 55लाख रुपए और छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के एक विकास कार्य हेतु 28 लाख 51 हजार रुपए के कार्य शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

**दंतेवाड़ा, 14 जनवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के एकदिवसीय दंतेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को बचेली आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ में वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप भी आए। इस मौके पर विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, एसपी श्री गौरव राय, डीएफओ श्री सागर जाधव तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।



**जगदलपुर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** यातायात सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों की जांच कर हेल्मेट पहनने चेतावनी दी जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। एएसआई यतेन्द्र दंवांगन आरक्षक विरेन्द्र, रामनारायण सिलेर एसपी शलभ सिन्हा के मार्ग दर्शन व डीएसपी ट्रैफिक के नेतृत्व में कार्रवाई कर रहे हैं।

### शहीद जगत कवर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोतः मदन साहू

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर शहीद कप क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रामवासी आलीखुटा में संपन्न हुई। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मदन साहू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद जगत कवर के गांव में यह खेल आयोजन हो रहा है। शहीद जवान श्री कंवर स्वयं खेल गतिविधियों से जुड़े हुए थे स्वामी विवेकानंद जयंती पर आज वे युवाओं के प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं ऐसे वीर शहीद को हम सब नमन करते हैं इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष दुर्गेश सिन्हा सहित राजेश साहू, वीरसिंग चंद्रवंशी आदि ने याद करते हुए शहीद जगत राम कवर को श्रद्धांजलि अर्पित की। बीते 12 जनवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में खेल प्रेमी ग्रामीण तथा आसपास के गांव के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समापन समारोह में अतिथि बतौर सम्मिलित होने का अवसर मिला ग्राम के शहिद जगत राम कंवर के याद में शहीद कब क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवाओं में उत्साह था। विशेष अतिथि बतौर पहुंचे जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने आगे कहा हमारे गांव के शहीद माटी पुत्र जगत कंवर खेल से जुड़ा हुआ था और उन्होंने देश के लिए शहीद हो गए आज हम उनको नमन करते हैं आज अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस है स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवाओं के लिए बहुत ही प्रेरणादायक है जिन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया विश्व में युवाओं के एक अलग पहचान बनाने वाले स्वामी विवेकानंद जी को आज विश्व युवा जयंती के रूप में मना रहे हैं बहुत कम उम्र में उन्होंने राष्ट्र कि युवाओं को एक संदेश देकर युवाओं के दिल में राज कर रहा है हम उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

## नगर के मुख्य मार्ग में रोड शो का आयोजन

# नये सरलीकृत मापदंडों के आधार पर नवीन आवास प्रदाय किए जाएंगेः मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कोंडागांव, 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बस्तर प्रवास के दौरान आज कोंडागांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले को कुल 02 अरब 88 करोड़ 18 लाख 37 हजार रूपए के कुल 168 विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 02 अरब 08 करोड़ 26 लाख 46 हजार के 130 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 79 करोड़ 91 लाख रूपए के 38 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने विकास नगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के लिए 03 लाख 88 हजार नवीन आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत आवास स्वीकृति हेतु निर्धारित नवीन मापदण्डों को और अधिक सरलीकृत किया गया है, जिसका लाभ प्रदेश के अधिकांश हितग्राहियों को मिलेगा।

कार्यक्रम में मौजूद जिलावासियों को छेरछेरा पर्व एवं शाकम्भरी जयंती की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले एक साल में 'मोदी की गारंटी' को पूर्ण करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवास प्लस-2024 अंतर्गत सर्वे का कार्य शुरू हो गया है, जिसमें छूटे हुए व्यक्ति उक्त सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों का धान खरीदा जा रहा है, जिसकी अंतर राशि उनके खातों में एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी। इसी तरह महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया। प्रदेश के साढ़े 12 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए प्रति मानक बोरा दर से भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ से माओवाद के उन्मूलन का संकल्प लिया है, जिसका अनुसरण करते हुए सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। बस्तर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में नये फोर्स कैम्प स्थापित किए गए हैं। इन इलाकों में निवासरत ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने के लिए नियद नेल्लानार योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में सतत् विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना एवं पीएम जनमन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे निश्चित तौर पर आदिवासी विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। इन इलाकों के बंद स्कूलों को खोलने का कार्य किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### आत्मसमर्पण के बाद मुख्यमंत्री के समक्ष दो जोड़े ने की जीवन की नई शुरुआत



**सुकमा 14 जनवरी।** 13 जनवरी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और पुनर्वास की नीति से राज्य सरकार की योजनाएं सकारात्मक परिणाम दिखा रही हैं। सुकमा मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम में स्टालों के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और नक्सल पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पित दो पूर्व माओवादी जोड़ों ने अपने जीवन की नई शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने इन जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नव विवाहिता जोड़े में गगनपल्ली निवासी मौसम महेश और डुब्बामरका निवासी हेमला मुन्नी ने एक-दूसरे का हाथ थामा। वहीं दूसरे जोड़े के रूप में कन्हाईपाड़ निवासी मड़कम पाण्डू और निवासी सल्लातोंग रव्वा भीमे ने भी विवाह के बंधन में बंधकर अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया। महिला एव बाल विकास विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार की राशि दी जाती है, जिसमें 07 हजार की सिंगार सामग्री, 08 हजार विवाह की व्यवस्था एवं आयोजन के लिए और 35 हजार की राशि डीबीटी के माध्यम से खाते में दी जाएगी। लगभग बारह साल से नक्सल संगठन से जुड़े रहने के बाद मौसम महेश, मड़कम पाण्डू ने और हेमला मुन्नी ने नौ साल तक, रव्वा भीमे ने छ साल संगठन में रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर और नियद नेल्लानार योजना ने आत्मसमर्पित माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने और समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है। इन योजनाओं के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को न केवल रोजगार और शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं, बल्कि उनके पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।

### जिले के तीन ब्लॉकों में चलाया जाएगा फाईलेरिया उन्मूलन अभियान

**जगदलपुर 14 जनवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के तीन विकासखंड तोकापाल, बस्तर एवं बकावंड में सघन फाईलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान के दौरान 10 से 14 फरवरी तक स्वास्थ्य दलों द्वारा बूथों पर यथा आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायत भवनों में दवा का सेवन कराया जाएगा। तत्पश्चात 15 से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर दवा सेवन करवाया जाएगा। वहीं 26 से 28 फरवरी तक मापअप राउण्ड में छूटे हुए लाभार्थियों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इस फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान 10 से 28 फरवरी तक मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एमडीए कार्नर यथा सामूहिक दवा सेवन केन्द्र भी संचालित रहेंगें। ज्ञातव्य है कि फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव हेतु सरकार द्वारा सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर अन्य सभी व्यक्तियों को फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाती है। इस बार यह अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले के तीन विकासखंड तोकापाल, बस्तर एवं बकावंड में चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने इस सम्बंध में बताया कि जिले के उक्त चिन्हित विकासखण्डों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन विभाग सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से फाईलेरिया उन्मूलन अभियान को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं कंपलायंस को बढ़ाने हेतु प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल संस्था के द्वारा श्रीमती ममता नंद डिस्ट्रिक्ट मोबिलाइजेशन कोआर्डिनेटर को विकासखंड बस्तर, बकावंड एवं तोकापाल तथा जिला एनव्हीबीडीसीपी शाखा के साथ निरंतर रूप से समन्वय कर हाथी पांव उन्मूलन हेतु कार्य सम्पादित किए जाने कहा गया है।

### आरोपी के कब्जे से अवैध 98 नग देशी प्लेन शराब बरामद

**डोंगरगांव 14 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन में डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री , एवं अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है इसी दौरान दिनांक12.01.2025 को शराब की अवैध बिक्री एवं तस्करी की सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुये ग्राम आरी के अवैध शराब बिक्री करने की सूचना पर तालाब के पास आरोपी यशपाल उर्फ गोलू राजपुत पिता स्व0 धनुष सिंह , उम्र- 34 साल ,पता- ग्राम आरी , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव , छ0ग0 , के खिलाफ अप0क्र0 07/2025 धारा- 34(2) आबाकरी एक्ट के तहत अप0 दर्ज कर आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी मे रखे 98 नग देशी प्लेन शराब शोले ब्रांड की प्रत्येक में 180 द्रव्य भरी हुई सीलबंद , कुल 17.640 द्य कीमती 8820 रूपये मिला ,एवं आरोपी को गिर0 कर माननीय न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया हैं ।



# नए मेला स्थल में होगा भव्य राजिम कुंभ कल्प का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 14 जनवरी ।** राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में राजिम विधायक श्री रोहित साहू, रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल सहित धमतरी महासमुंद एवं रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार लगभग 52 एकड़ क्षेत्र में फैले नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जाएंगे। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा। बैठक में मौजूद

विधायक श्री साहू, संभाग आयुक्त श्री कावरे एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक श्री साहू ने राजिम कुंभ कल्प मेला को भव्य तरीके से आयोजित करने सभी व्यवस्था अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने रायपुर, महासमुंद, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय, उप संचालक संस्कृति एवं



पुरातत्व विभाग श्री प्रतापचंद पारख सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

**मेला स्थल को जोड़ने बनेंगी सड़क** - बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे ने बताया कि गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक कनेक्टिंग रोड का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं के आने-जाने में आसानी होगी। इसके लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही घाट निर्माण, मरम्मत एवं आसपास साफ सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**संत समागम एवं गंगा आरती होगा पुराने स्थल में** - बैठक में बताया गया कि पुराने स्थल में केवल संत समागम एवं गंगा आरती का आयोजन होगा। इसके अलावा सभी आयोजन एवं गतिविधियां नए मेला स्थल में आयोजित की जाएगी। पुराने स्थल पर कोई भी अस्थाई दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी। सभी अस्थाई दुकान नई जगह पर लगाई जाएगी। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने नए स्थल पर लगने वाले मीना बाजार एवं पार्किंग स्थल के लिए टेंडर प्रक्रिया के लिए जरूरी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



दुकानों का आबंटन एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित के द्वारा की जाएगी। इसके लिए भी तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

**विभागों को सौंप गए दयित्व-** राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति, अस्थाई शौचालय निर्माण, पाइपलाइन एवं पानी टंकी की तैयारी समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को अस्थाई अस्पताल सहित पर्याप्त मात्रा में एंबुलेंस एवं अन्य मेडिकल सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार विद्युत विभाग को लाइटिंग की व्यवस्था, पुलों पर लाइटिंग के साथ सजावट, मेला स्थल में टावर लाइट एवं पार्किंग स्थल में लाइट आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग को नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र खोलने खोलने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए। नगरीय प्रशासन विभाग को साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या सहित मंदिर एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए।

### नए मेला स्थल के समुचित उपयोग के लिए लेआउट प्लान बनाने दिए आवश्यक मार्गदर्शन

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बैठक के पश्चात अधिकारियों सहित नए मेला स्थल पहुंचकर विभिन्न आयोजनों के लिए जगह निर्धारित करने स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न जगहों में पहुंचकर मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग मीना बाजार, फूड जोन एवं आवागमन के लिए रास्तों के विकल्प सहित हेलीपैड के संबंध में स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को ले आउट बनाने में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नए मेला स्थल के लगभग 52 एकड़ क्षेत्रफल का समुचित उपयोग कर सभी गतिविधियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थल में जगह की कमी नहीं है, इसलिए सभी आयोजन के लिए जगह निर्धारित कर भव्य रूप से मेला आयोजन की तैयारी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संत समागम एवं गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल में आने के लिए नदी किनारे सड़क के विकल्प पर चर्चा करते हुए सड़क के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को आवाजाही में आसानी होगी। इसी प्रकार चौबेबांधा मार्ग में भी आवश्यक मरम्मत आदि के कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेआउट प्लान इस प्रकार से बनाया जाए जिससे आमजनों को मेला स्थल में आने के लिए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। आमजन भव्य रूप से आयोजित मेला का आनंद ले सके।

## एक नजर

### जब वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मांगा छेरछेरा



**रायगढ़, 14 जनवरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम जिला प्रशासन के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेने पहुंचे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी भी इस दौरान साथ रहे। सोमवार 13 जनवरी को छेरछेरा का पर्व था। बैठक के पूर्व सभाकक्ष में यह पर्व मनाया गया और वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी बांस की टोकनी में कृषि मंत्री श्री नेताम से छेरछेरा, कोठी के धान ला हेर हेरा' छेरछेरा का दान मांगा। कृषि मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर अपने हाथों से धान का दान करते हुए यह पर्व मनाया गया। इस दौरान कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ जिले के साथ पूरे प्रदेशवासियों को छेरछेरा पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### राशि ने छेरछेरा मांगने घर पहुंचे बच्चों का बढ़ाया उत्साह



**महासमुंद।** छग का पारम्परिक और छग की पहचान का पर्व छेरछेरा पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग के घर छेरछेरा मांगने के लिए पहुंचे नन्हे-मुन्हे बच्चों के साथ हंसी ठीठोली कर श्रीमती महिलांग ने बच्चों के साथ पर्व मनाया। पर्व की परंपरा के अनुसार श्रीमती राशि महिलांग ने बच्चों को दान के रूप धान दिया। श्रीमती महिलांग से मिले अपनेपन से बच्चों में पर्व का उत्साह दोगुना हो गया। श्रीमती महिलांग ने बच्चों के साथ पर्व में कहा जाने वाला नारा ÷ छेरछेरा तोर माई कोठी के धान ल हेरहेरा÷ बोलकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान श्रीमती महिलांग ने बच्चों का मुहं मीठा कराया और सभी को पर्व की बधाई दी।

### पीएम आवासों का निर्माण मिशन मोड में जारी

**रायगढ़, 14 जनवरी।** गरीब व जरूरतमंद परिवारों को उनके सपनों का आशियाना और पक्की छत देने के लिए प्रधानमंत्री आवास निर्माण को व्यापक स्तर पर स्वीकृति देने के साथ ही तेजी से आवास निर्माण का कार्य पूरा कराया जा रहा है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन व सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में मिशन मोड में काम किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 के स्वीकृत आवासों के विरूद्ध निर्माण के प्रगति की बात करें तो स्वीकृति प्राप्त होने के बाद इस वित्तीय वर्ष पूरे प्रदेश में अब तक 6 हजार 60 मकानों का निर्माण अब तक पूरा कर लिया गया है। इसमें 2 हजार 88 मकान अकेले रायगढ़ जिले में ही पूरे किए गए है। पूरे प्रदेश में निर्मित कुल आवासों का यह एक तिहाई है। जिले में स्वीकृत पीएम आवास निर्माण का काम वृहत पैमाने पर शुरू किया गया है।

## प्रभातफेरी के भक्तजनों को विधायक ने किया सम्मानित



**महासमुंद ।** ईमलीभाठा महासमुंद में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में महासमुंद शहर में जनवरी 2024 से अब तक निरंतर प्रभातफेरी कर नव जागरण उत्पन्न करने वाले भक्त जनों को क्षेत्र के उर्जावान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा आयोजन समिति के सौजन्य से सम्मानित किया गया । समिति की ओर से पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, हनीश बग्गा ने बताया कि सम्मान प्राप्त करने वाले भक्तजनों में हीरासिंग साहू (85 वर्ष बुजुर्ग), रानीदान राठी (80 वर्ष), सुदामा मिश्रा, जी.एस. ठाकुर, डी.आर. सोरी, लालराम साहू, नीलमणी चंद्राकर, पूरन देवांगन, दाऊलाल अग्रवाल, ओमप्रकाश देवांगन, छेदीलाल राठौर, महेश देवांगन, गोवर्धन साहू, महावीर पवार, एम.आर. रौतिया, संतोष देवांगन, नेमीचंद देवांगन, तुषार पाल, माखन पटेल शामिल है ।

इसी प्रकार कार्यक्रम को वृहत एवं भव्य रुप देने के लिये टेकराम सेन, एम.आर. विश्वनाथन, विजय चंद्राकर, हनीश बग्गा, परमेश्वर पप्पू ठाकुर, दिनेश बेहरा को सम्मानित किया गया । शानदार भोजन व्यवस्था व सहयोग के लिये शशिकांत जैन (हर्षादिक रेस्टोरेंट) को सम्मान प्राप्त हुआ । कार्यक्रम के दौरान श्रद्धाभति मानस परिवार, श्यामा श्याम मानस परिवार, श्री प्रभात उपाध्याय गायत्री परिवार, प्रखर प्रज्ञा मानस मंडली अछोला महासमुंद, श्री राधाकृष्ण महिला मानस मंडली, आंजनेय महिला मानस मंडली, श्रीराम कृष्ण मानस परिवार, श्री ठाकुर राम विभाग प्रचार राजिम विभाग को स्मृति चिन्ह भेंटकर आयोजन समिति द्वारा सम्मान दिया गया ।

कार्क्रम को अत्यंत आकर्षक बनाने में वृन्दावन विद्यालय (सुजाता विश्वनाथन), मां गायत्री विद्यालय (विमला सागर) पूजा ग्रुप रैना सिंह ठाकुर (सी.पी.एस.), शिवानी ग्रुप (प्राथमिक शाला इमलीभाठा), अनुराधा विश्वकर्मा, तनमीत खन्ना काव्या, हर्ष यादव, आनवी सक्सेना, शौर्य सिंह चंदेल, दीप्ती (कला बाई स्कूल), कनिष्का, आरोही (केन्द्रीय विद्यालय) दामिनी, श्रेया का विशेष योगदान रहा । आयोजन समिति की ओर से पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, पार्षद गण देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि इमलीभाठा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को भव्य रुप दिया जाना पूरे शहर में गर्व का विषय है । उन्होंने समस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुये भविष्य में आयोजन के निरंतरता की कामना की है ।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 16 जनवरी को

**बीजापुर 14 जनवरी ।** भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा अभिकर्ता के पद पर रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक समस्त 18 वर्ष से अधिक महिला आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अर्हताधारी आवेदकों का चयन कर कुल 100 पदों पर भर्ती किया जाना है। इच्छुक एवं अर्हताधारी अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ 10 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कलेक्टर परिसर बीजापुर में स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट www.bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता हैं या मोबाइल नम्बर 9406001659, 9685520424 में सपर्क कर सकते हैं।

## प्रतिबंधित विस्फोटक, प्रतिबंधित प्रचार प्रसार की सामग्री, साहित्य सहित 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर,14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 13/01/2025 को थाना तर्रेम, कोबरा 210 एवं केरिपु 153 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर तर्रेम से बु?गीचेरू की ओर निकली थी । तर्रेम एवं बुगीचेरू के मध्य जंगल 3 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे जिसे नक्सल अभियान पर निकले पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । जो पूछताछ पर अपना नाम

1. राजू पुनेम (मिलिशिया सदस्य) पिता सन्नू पुनेम उम्र 26 वर्ष निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर2. मावी भीमा (मिलिशिया सदस्य) पिता पोदिया उम्र 26 वर्ष् निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर3. उईका शम्भू(मिलिशिया सदस्य) पिता उईका भीमा उम्र 38 वर्ष् निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर पकड़ा गये माओवादियों की तलाशी में पास रखे थैला में 01 नग 05 किलोग्राम टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, बैटरी एवं माओवादी साहित्य बरामद किया गया । माओवादियों से उक्त प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री के परिवहन के सबंध में पूछे जाने पर किसी प्रकार का दस्तावेज नही होना बताये ।मौके पर उपरोक्त के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करते हुऐ बरामद सामग्री कब्जे में लिया गया एवं उपरोक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना तर्रेम में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

## राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशनः जलक्षत्री परिवार के लिए बनी संजीवनी

**महासमुंद,14 जनवरी।** केन्द्र सरकार की पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से शहर के गोलबाजार के होटल व्यवसायी भूषण जलक्षत्री (41) ने अपने व्यवसाय को नई दिशा दी है। योजना से न सिर्फ उसका व्यवसाय बदला बल्कि घर की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई है। जानकारी के अनुसार पिछले 12 वर्षों से गोलबाजार में परंपरागत दुकान में व्यवसाय कर श्री जलक्षत्री पर बुजुर्ग मा, पत्नी और 3 बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी है। बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, घर का दैनिक खर्च के साथ मा की इलाज एवं मेडिकल का खर्च सभी का भार भूषण जलक्षत्री और उसकी एकमात्र आजीविका के साधन उसकी दुकान पर ही था। ब?ी मुश्किलों से उनके परिवार का गुजारा कर रहे जलक्षत्री का व्यवसाय कोरोना से पूर्व सामान्य था। व्यवसाय में कार्य सरल करने हेतु आवश्यक मशीनें न होने के कारण बाहर से या अलग- से वर्कर रख कर कार्य कराना पडता था। व्यापार में उद्यारी भी बढती जा रही थी। ऋण लेने से पहले उसकी एक दिन की बिकी लगभग 800 रू और प्रति दिन की आय लगभग 250-300 रू रहती थी। भूषण जलक्षत्री का व्यापार बहुत ही खस्ता हालत से गुजर रहा था। प्रतिदिन की सेल न के बराबर थी और नया स्टॉक कय करने के लिये भूषण जलक्षत्री की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। कोरोना महामारी उसके व्यवसाय पर गाज बनकर गिरा और उसकी माली हालत और खराब हो गई। इसी बीच श्री जलक्षत्री की पत्नी नगर पालिका द्वारा गठित महिला स्व सहायता समूह से जुडी हैं। जिसमे समय समय पर ऋण संबंधी योजनाओं की जानकारी सभी समूहो को दी जाती है।शासन की पथ विक्रेताओं द्वारा चलाई जा रही योजना भूषण जलक्षत्री के जीवन में वरदान साबित हुई। केन्द्र शासन की योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत भूषण जलक्षत्री ने पालिका कार्यालय पहुंच फार्म भरा एवं उसे युनियन बैंक से 100000 लाख रुपए का ऋण न्यूनतम ब्याज दर पर एक सप्ताह के भीतर मिल गया। योजना से लाभ मिलने के बाद भूषण जलक्षत्री ने अपनी दुकान में वैरायटी बढाई। वर्तमान में उसकी दुकान में 10000-12000 रू का सामान है। प्रतिदिन की बिक्री 800-1000 रुपए हैं और प्रतिदिन की आय ढाई-तीन सौ से ब?कर सीधे 400-500 रुपए पहुंच गई है। योजना के हितग्राही भूषण जलक्षत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना का लाभ पालिका के माध्यम से मिला जिसने मेरा और परिवार का जीवन ही बदल दिया। भूखमरी के कगार पर पहुँच चुके मेरे परिवार को योजना से संजीवनी मिली है। भूषण ने बताते है कि वह भविष्य के लिए धनराशि जमा करने के साथ ही माता के उपचार के लिए सक्षम हो गया है। भूषण ने बताया कि व्यवसाय फिर से शुरू करने के बाद बैंक की करीब दस किस्तें भी जमा कर दी हैं। दुकान में योजना संबंधी अन्य लाभ जैसे डीजिटल भुगतान पर कैश बैक, के लिये और समय के साथ आगे बढते हुए ग्राहकों की सुविधा हेतु उसने दुकान पर सुविधाऐं भी रखी है।।उन्होंने लोगों से शासन की उक्त योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए अन्य लोगो को

## सुरक्षा बलों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को किया विफल



बीजापुर,14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुरक्षा कैंप काउरगुटटा से केरिपु 151 की टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग ड्यूटी पर निकली थी। ड्यूटी के दौरान 151 केरिपु की बीडी टीम के द्वारा काउरगुटटा - जि?पल्ली के मध्य रोड से माओवादियों के द्वारा लगाये गये 4 किग्रा का ढ्ढश्वष्ठ बरामद किया गया। केरिपु 151 की बीडी टीम द्वारा बरामद ढ्ढश्वष्ठ को मौके पर सुरक्षित नष्ट किया गया।माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से ढ्ढश्वष्ठ प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए गये थे ।सुरक्षा बलों की सूझबूझ एवं सतर्कता से समय पर ढ्ढश्वष्ठ को बरामद कर नष्ट किया गया ।

## सरस मेले से महिला समूहों के आत्मविश्वास को मिला बल:कृषि मंत्री रामविचार नेताम

रायगढ़, 14 जनवरी। आदिम, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्रीय सरस मेला का समापन सरस छेरछेरा कार्यक्रम आज रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया एवं राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर 38.17 करोड़ की लागत से बनने वाली 21 विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन किया गया। सरस मेले में महिला समूहों द्वारा 01 करोड़ रुपए की बिक्री की गई। इसमें से मेले के समापन तक 99 लाख 97 हजार 200 रुपये की बिक्री हुई थी। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने 2800 रुपये की खरीदी की जिससे आंकड़ा 01 करोड़ रुपए पहुंच गया।

कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने सभी को छेरछेरा पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति बहुआयामी है। यहां हमें कई प्रकार के लोक नृत्य, जातियां, लोक कला, मेले, भाषा, शिल्प और विशेष व्यंजन देखने को मिलते हैं। प्रदेश में यहां के आभूषणों, वस्त्रों का विशेष स्थान है जो यहां की संस्कृति को और प्रभावशाली और समृद्ध बनाती हैं। छत्तीसगढ़ को विरासत में मिली इस संस्कृति को संजोए, रखने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने के नेतृत्व में हमारी सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है। इसी का उदाहरण देखने को मिल रहा है रायगढ़ में आयोजित सरस मेला जिसमें बिहान की महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं



विक्रय किया जा रहा है। जो बेहद ही प्रशंसनीय है। इससे महिला समूहों के आत्मविश्वास को बल मिलेगा।

कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ को एक मॉडल स्टेट बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में बेहतर नीतियों से हमारी सरकार के द्वारा जन-जन तक लाभ पहुंचाया जा रहा है और गरीब परिवारों को योजनाओं का लाभ देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। किसानों से 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है साथ ही अंतर की राशि भी शीघ्र ही प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी गरीब परिवारों को पक्का आवास का लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना अंतर्गत हर महीने महिलाओं के खाते में 1 हजार की राशि दी जा रही है। प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन योजना अंतर्गत पिछड़ी जनजातियों को मुख्य धारा से जोडने् का प्रयास किया जा रहा है और सुदूर क्षेत्रों में लगातार विकास



कार्य किए जा रहे है। रायगढ़ में नालंदा परिसर का निर्माण होने जा रहा है, जिससे युवा अपना भविष्य गढ़ सकेंगे।वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि रायगढ़ में पहली बार आयोजित सरस मेला में महिला समूहों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभायी। दस दिनों में 1 करोड़ रुपए की बिक्री महिला समूहों द्वारा की गई है। यह बड़ी उपलब्धि है इसके लिए सभी समूहों को बहुत बधाई। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने आगे कहा कि पिछले एक साल में क्षेत्र के विकास के लिए बहुत से कार्य प्रारंभ किए गए है। गरीबों के लिए आवास निर्माण का कार्य पूरी तेजी के साथ हो रहा है। सड़कों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था एवं हमारे संस्कृति के प्रति सम्मान को लेकर आगे बढ़ रहे है। किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दो साल का बोनस दिया गया। इसी तरह किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गो को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा रहे है। यहां नालंदा परिसर का निर्माण होने जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य की मजबूत बुनियाद बनेगा। जिले में प्रयास विद्यालय का संचालन हो रहा है। महतारी सदन एवं रायगढ़ में दीदी सदन का निर्माण कार्य हो रहा है। हार्टीकल्चर विद्यालय की स्थापना होने जा रहा है। केलो डेम में नहरों का निर्माण कार्य पूरा कराया जा रहा है। जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया टीम के लिए यहां अत्याधुनिक डिजीटल क्रियेटर सेंटर का निर्माण भी होगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा महिला समूहों के स्टॉलों का अवलोकन किया गया। लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि आज दोगुनी खुशी का अवसर है जहां हम छेरछेरा त्यौहार मना रहे है और सरस मेले में बिहान की दीदियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, संस्कृति एवं खानपान को देखने का मौका मिला। बिहान की दीदियां अपने निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करके करोड़ो रुपए कमाएं ये हम सभी के लिए गर्व की बात है। मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि रायगढ़ में पहली बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बिहान कार्यक्रम अंतर्गत क्षेत्रीय सरस मेला-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें बिहान की महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। सरस मेला में रायगढ़ समेत छ.ग.के सभी 33 जिलों से बिहान की महिला स्व-सहायता समूह की दीदियां एवं अन्य राज्यों जैसे-झारखण्ड, बिहार, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, असम, महाराष्ट्र की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया है। सरस मेला में 224 से अधिक स्टॉल लगाये है, जिनमें 268 से अधिक महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों ने भाग लिया है। इस अवसर पर महिला समूहों ने करीब 01 करोड़ रुपए की बिक्री की है। इस अवसर पर श्री अरूणधर दीवान, श्रीमती पूनम सोलंकी, श्री विजय अग्रवाल, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री उमेश अग्रवाल, श्रीमती सहोद्रा राठिया, श्री सत्यानंद राठिया, श्री सतीश बेहरा, श्री पंकज कंकरवाल, श्री नरेश पण्डा, श्री रत्थू गुप्ता, श्री सुरेश गोयल, श्री रविन्द्र भाटिया, श्री दीबेश सोलंकी, श्री शशिकांत शर्मा, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।38.17 करोड़ की लागत से बनने वाली 21 विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजनकृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम व वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज रायगढ़ में 38 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 21 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 20 निर्माण कार्य एवं नगरीय निकाय अंतर्गत 1 निर्माण कार्य शामिल है। जिनमें सड़क निर्माण, स्टापडेम कार्य, जलाशय योजना के तहत नहरों का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, महतारी सदन निर्माण, जूटमिल भवन निर्माण एवं कृषि उपज मंडी समिति रायगढ़ में निर्माण कार्य शामिल है।

## कलेक्टर ने 11 महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 16.80 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की

**रायगढ़, 14 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत सक्षम योजना के तहत 11 महिलाओं को रोजगार से जोडने् के लिए 16 लाख 80 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। महिला एवं बाल विकास द्वारा सक्षम योजना अंतर्गत विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा एवं 35 से 45 वर्ष आयु के अविवाहित महिलाओं को रोजगार से जोडने् हेतु 2 लाख रूपये तक की ऋण राशि सालाना 3 प्रतिशत ब्याज पर स्वीकृत की जाती है।

इस योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं में तहसील पुसौर के ग्राम-दर्रामुड़ा निवासी सावित्री साव को किराना स्टोर हेतु 1 लाख 20 हजार, बसंती साहू ग्राम बासनपाली तह. तमनार को होटल संचालन हेतु 2 लाख रुपये प्रदाय किया गया। इसी तरह तहसील तमनार ग्राम बासनपाली के बिन्दु साव को किराना एवं फैन्सी स्टोर हेतु 2 लाख रुपये, हेम कुंवर वैष्णव वार्ड 46 डीपापारा उर्दना रायगढ़ को दुकान हेतु 1 लाख 60 हजार रुपये, रमशिला बाई राठिया ग्राम जोबी तह. खरसिया को सिलाई मशीन हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये, सनमोती माझी ग्राम कोलम तह. तमनार को बकरी पालन हेतु 80 हजार रुपये, दुलमेत सिदार ग्राम कोलम तह. तमनार को मुर्गी पालन हेतु 80 हजार रुपये, उषा निषाद ग्राम बासनपाली तह. तमनार को किराना दुकान 2 लाख रुपये, शशीकला देवांगन ग्राम झरना तह. तमनार को किराना दुकान एवं सिलाई हेतु 2 लाख रुपये, सुकमती साहु ग्राम धौंराभांठा तह. तमनार किराना को दुकान हेतु 2 लाख रुपये एवं गायत्री प्रधान ग्राम सिहा तह. पुसौर को फैंसी स्टोर संचालन के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये स्वीकृत किए गए है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी लाभार्थी महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं दी। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को विधवा, परित्याकता, तलाकशुदा एवं अविवाहित महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा इस योजना से जोडने् हेतु निर्देशित किया है।

# सिमगा की जनता प्रथम पालिका अध्यक्ष के रूप में देखना चाहती है नया चेहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**सिमगा, 14 जनवरी।** पार्षद एवं पालिका अध्यक्ष का आरक्षण प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत चुनाव का शंखनाद हो गया है।

जंहा भाजपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद के टिकट प्राप्त करने आवेदन दे रहे है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी अभी से ही पूरे दमखम के साथ चुनाव के मैदान में कूद गए हैं। नगर के 15 वार्डों में करीबन 100 से अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान मे उतरेंगे। सिमगा नगर पंचायत से नगरपालिका बनने के उपरांत प्रथम नगरपालिका अध्यक्ष बनाने हेतु भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी भरसक प्रयास करेगी। साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी भी प्रथम पालिका अध्यक्ष बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अब देखना है कि भाजपा व कांग्रेस पार्टी के द्वारा कोई नया चेहरा चुनाव के मैदान उतारती है कि पुराने चेहरों पर ही भरोसा करती है। नगर पंचायत सिमगा में अभी तक निर्दलीय या कांग्रेस पार्टी का ही अध्यक्ष बना है। एक बार भी भाजपा का अध्यक्ष नहीं बन पाया है। अब तक जितने भी नगर पंचायत अध्यक्ष हुए जनता सब का कार्यकाल देख चुकी है कि कौन कितने पानी में है नगर में क्या विकास हुआ है क्या समस्याएं हैं जनता सब देख रही है। आम जनमानस को मूलभूत सुविधाओं में सड़क बिजली, स्वच्छता, भोजन, सुरक्षा की ही मांग रहती है। वर्तमान में नगर के सभी भीतरी सड़कों का हाल बेहाल है जनता जंहा निवास करती है वंहा का सड़क बनाना तो बहुत दूर की बात है कुछ सुधार करना भी उचित नहीं समझा और अवैध प्लाटिंग करने वाले को फायदा पहुंचाने खेतों के बीचों बीच 50 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण कर दिया उस सड़क में लाईट जगमाग रही है परंतु नगर की गलियों में अंधेरा छाया रहता है।

इस कार्य में चाहे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को कितना लाभ मिला सब कुछ जनता के सामने है। और जनता आज भी खस्ता हाल सड़कों पर चलने मजबूर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने हेतु कई जनप्रतिनिधि हितग्राहियों से पैसे लेने का मामला नगर में वर्तमान में सी सी रोड निर्माण हुआ है उन सड़कों में अभी से धूल उड़ रही है। नालियों का गंदा पानी भी सड़कों पर बह रहा है। जनता होने वाले चुनाव में सब हिसाब बराबर करने की प्रतीक्षा कर रही है। कुछ नगरवासियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जो अध्यक्ष विगत 10 वर्षों से नगर विकास में कोई भूमिका नहीं निभाए एवं जो पार्षद पिछले चुनाव उपरांत पूरे पांच साल गायब रहे वे फिर से होने वाले चुनाव में आम मतदाताओं को प्रलोभन देकर फिर से चुनाव जितने मंशा बनाए हुए।

## समाचार संक्षेप

## राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर किया सुंदरकांड पाठ व दीपदान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 14 जनवरी।** अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स मे शनिवार पौष शुक्ल द्वादशी को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप मे मनाया गया। आयोध्या मे राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ पुरे भारत देश के आलावा विभिन देशों के हिंदुओं के द्वारा बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ में भी जगह जगह-जगह, राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के हनुमान मंदिर व बैकुंठेश्वर मंदिर परिसर में 1001 दिपदान किया गया। तत्पश्चात यहां के सुप्रसिद्ध बैकुंठेश्वर मंदिर में सुंदरकांड का पाठ स्थानीय भजन मंडली के द्वारा किया गया। जिसमे विशेष रूप से अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के एच आर फंक्शनल हैड देवाशीष राय चौधरी और ई आर हैड उदय लाल सपत्नीक उपस्थित रहे। एच आर हैड शिखा राठी के साथ सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, एवं बैकुंठ वासीयो की उपस्थिति रही।

सर्वप्रथम शाम 6 बजे यहां के श्रीहनुमान मंदिर व बैकुंठेश्वर मंदिर परिसर में महिला क्लब से सीमा चंद्रवंशी के नेतृत्व में महिलाओं के द्वारा दीप से मंदिर परिसर को सजाया गया।। तत्पश्चात संध्या 7 बजे से यहां के तुलसी वर्मा, मनोज तिवारी, नर्सिंग यदू, छत्रधारी विश्वकर्मा, संतोष साहू, , लक्ष्मण विश्वकर्मा, मुकेश्वर साहू, आदि के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसमे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों कालोनी वासीयो व क्षेत्रवासियो की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुरा मंदिर परिसर श्रीराममय हो गया था। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाले उदय लाल, शिखा राठी, दीपेंद्र मिश्रा, गिरिजा शंकर मिश्रा, जी, राकेश रौशन शूद, ब्रजेश सिंह, मल्लिकार्जुन पाटिल, अश्विनी सिंह, अभिषेक जैन, अभिषेक मिश्रा, शैलेश परमार, के आलावा सभी अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## एक नजर

### होटल, ढाबा, ठेला, चखना सेंटर में शराब पिलाने वाले 40 संचालकों पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.01.2025 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 40 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 40 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना कसडोल द्वारा 02, थाना गिधपुरी 01, थाना पलारी 04, थाना भाटापारा ग्रामीण 03, भाटापारा शहर 03, थाना लवन 05, थाना सिमगा 03 एवं थाना सिटी कोतवाली द्वारा 19 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 20 को

**भखारा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर के विभिन्न रिक्त पद यथा केस वर्कर, बहूद्देशीय कार्यकर्ता, पैरालीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर महिला सेवा प्रदाताओं के चयन हेतु 20 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन, अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय बलौदाबाजार में वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर एवं जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन www.balodabazar.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 चालकों पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 13.01.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 12 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 12 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 6, भाटापारा 2, सिमगा 3 एवं थाना लवन द्वारा 01 चालक को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया तिल्दा नेवरा में इन डोर स्टेडियम का भूमिपूजन

# प्रदेश की भाजपा की सरकार जो कहती है वह करती है: रमन सिंह





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आज तिल्दा में 7:30 करोड़ की लागत से बनने वाली इन डोर स्टेडियम का भूमि पूजन किया। इस मौके पर राजस्व एवं खेल मंत्री टक राम वर्मा धरसिवा विधानसभा के विधायक अनुज शर्मा भारतीय जनता पार्टी के जिला ग्रामीण अध्यक्षशाम नारंग महामंत्री अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री राम पंजवानी, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद शिव वर्मा अरविंद ठाकुर नरेंद्र शर्मा भागबली साहू नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु डहरिया ईश्वर यादव पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल रिंकू अग्रवाल, विशेष रूप से उपस्थित थे।

हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में पधारे रमन सिंह ने सर्वप्रथम इनडोर स्टेडियम के लिए भूमि पूजन किया. पंडित गणेश शर्मा ने भूमि पूजन के लिए विधि विधान के साथ पूजा कराई। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि आज हमारा प्रदेश 25 साल का युवा हो चुका हैज उन्होंने छेरछेरा की सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन तिल्दा वीडियो के लिए शुभ दिन है और मेरे लिए भी सौभाग्य की बात है मैंने यहां 750 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इनडोर स्टेडियम का भूमि पूजन किया है।

डा.रमन सिह ने कहा कि भाजपा की सरकार जो कहती है वह करती है। विष्णु देव की सरकार ने तो छत्तीसगढ़ में कमाल के विकास कार्य किए हैं.. डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ का अलग राज्य बनने और यहां हो रहे विकास के लिए मैं अटल बिहारी वाजपेई को धन्यवाद देता हूं. आज भले ही अटल जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी यादों और उनके द्वारा स्थापित कि गए छत्तीसगढ़ कोभूलाया नहीं जा सकता.. उनके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने तो चमत्कार ही कर दिया है देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो पिछले 11 सालों से निरंतर देश की सेवा कर रहा है. उन्होंने 11 सालों में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है।

उत्तर प्रदेश में योगी और दिल्ली में मोदी खुला काम कर रहे हैं. इनके ना कोई आगे है ना पीछे गरीबी से चलकर चाय बेचते हुए मोदी प्रधानमंत्री बने हैं. इन पर 11 साल में एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है, वही उत्तर प्रदेश के योगी ऐसे मुख्यमंत्री है जिसने गलत लोगों को ठीक करने का ठेका ले लिया है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव जी भले ही सीधे साधे हैं मगर काम करने में एक नंबर है चुनाव के पहले जो वायदा किया था, और मोदी की जो गारंटी दी गई थी उसे विष्णु देव सरकार पूरा कर रही है.. .हिंदुस्तान में मैंने ऐसा मुख्यमंत्री नहीं देखा। रमन सिह ने कहा हमारा देश पूरी दुनिया में सबसे युवा देश है इस देश को हिंदुस्तान कहते हैं युवा इस देश की तकदीर लिखते हैं इस बात को स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो की सभा में भी कहा था.. विवेकानंद जी को 2 मिनट का समय बोलने के लिए मिला था एक लाइन में उन्होंने शिकागो के देश के भाई और बहनों इतना ही बोला तो पूरा हाल तालियो से गड़गड़ा उठा।

उन्होंने ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास हो रहे हैं एक समय था जब यहां 208 कॉलेज हुआ करते थे आज बढ़कर 484 कॉलेज हो गए हैं.. इसी तरह 34 नर्सिंग कॉलेज थे आज उनकी संख्या 68 हो गई है.. डॉ रमन सिंह हंसते हुए कहा कि आपके क्षेत्र का विधायक जो मंत्री है टंक राम वर्मा चमत्कारिक आदमी है। टंकारा मैसेज चमत्कारिक आदमी है भूषण और कविता में सब का मन मोह लेता है उन्होंने मजाक भर लहजे में कहा कि जब मैं आज बैठा था तो मेरे एक तरफ हीरो अनुष था दूसरे तरफ कलाकार टकराम वर्मा था .. मैं दोनों के बीच में फस गया था..टक राम ने अपने क्षेत्र की बातों को विधानसभा में मजबूती से रखा है 1 साल में उन्होंने 3 करोड़ के महतारी वंदन सामूहिक भवन 2 करोड़ का रंग मंच डेढ़ करोड़ का सीसी रोड चार करोड़ के स्कूल के कार्य 4 करोड़ के धान खरीदी केंद्र कल 17 करोड़ 20 लाख का काम उन्होंने कराया है।

टंक वर्मा ने अपना उद्बोधन छेरछेरा की बधाई देती शुरू किया उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सब के लिए यादगार का दिन रहेगा हमारे बीच रमन सिंह जैसी शख्सियत इस मंच पर मौजूद है डॉ रमन सिंह ने इनडोर स्टेडियम का भूमि पूजन किया है डॉ रमन सिंह ने 15 सालों तक छत्तीसगढ़ को सावरा और बड़ा किया उनके द्वारा लागू की योजनाएं आज पूरे हिंदुस्तान के सभी राज्यों में चल रही है.. उन्होंने कहा कि 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बना और मुख्यमंत्री अजीत जोगी बने थे उसके बाद जोगी सरकार ने कितना अत्याचार और भ्रष्टाचार किया यह किसी से छुपा नहीं है 2003 में भाजपा सरकार बनी और उसके बाद 15 सालों तक डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बड़ा होता गया.. आज भी रमन सिंह को चावल वाले बाबा के नाम से जाना जाता है। इसके पहले सभा को विधायक अनुज शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने भी संबोधित किया। आईएस अवसर पर 20 मानसमंडलियो को 8 हजार का चेक प्रदान किया गया, , कार्यक्रम में विसेश रूप से उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन ऋषि कुमार वर्मा ने किया। लोक निर्माण विभाग राजस्व विभाग पुलिस विभाग सहित सभी सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## मेले की व्यवस्था का जायजा लेने तुरतुरिया पहुंचे कलेक्टर सोनी



**बलौदाबाजार, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी रविवार को ऐतिहासिक एवं धर्मिक स्थल तुरतुरिया पहुंचे। उन्होंने तुरतुरिया में हो रहे तीन दिवसीय मेले क़ी तैयारी का अवलोकन किया तथा क़ानून व्यवस्था सहित लोगों क़ी सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों को किसी प्रकार क़ी समस्यया या असुविधा होने पर तत्काल निराकारण के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोनी ने तुरतुरिया में मंदिर सहित आस- पास के क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होने मोबाइल नेटवर्क क़ी उचित पहुँच के लिए वहां बीएसएनएल द्वारा स्थापित मोबाइल टावर को सक्रिय करने के लिए संबधित अधिकारी से समन्वय करने कहा। कलेक्टर ने मेला क्षेत्र के पास स्थित खाई के आस-पास लोगों के सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए खाई को बांस बल्ली से बेरीकेटिंग करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही मेले में शांति व्यवस्था के लिए मेले के दिन शाम 4 बजे से शारब दुकान को बंद रखने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को मेले में लोगों क़ी सुविधाओं तथा क़ानून व्यवस्था बनाये रखने सतर्कता से जिम्मेदारी का निर्वाहन करने के निर्देश दिए। इसीतरह पुलिस को भी मुस्तैदी से ड्यूटी करने निर्देशित किया गया। गौरतलब है क़ि विकासखंड कसडोल अंतर्गत तुरतुरिया में पौष पूर्णिमा में प्रति वर्ष तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।यहाँ अनेक मंदिर व बलभद्र कुंड है। वहीं इसे लव कुश क़ी जन्म स्थली भी कहा जाता है। मातागढ़ में माँ काली क़ी प्रतिमा विराजमान है जिसे संतान दात्री के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एसडीएम आर.आर.दुबे, एसडीओपी, तहसीलदार विवेक पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

■ **कंट्रोल रूम स्थापित करने व मोबाइल टॉवर को सक्रिय करने के दिए निर्देश**

## विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य गांव अवराई में घर-घर पहुंचा नल से स्वच्छ जल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 14 जनवरी।** वनांचल में बसे विशेष पिछडी जनजाति कमार बाहुल्य गांव अवराई में अब पेयजल के लिए संघर्ष और जद्दोजहद पुराने दिनों क़ी बात हो गई है। अब इस गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर -घर में नल से स्वच्छ जल पहुंच रहा है। इसके साथ हीपीएम जनमन योजना के तहत सभी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है जिससे यहां के विशेष पिछडी जनजाति लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है।

ग्राम अवराई की कविता चौहान बताती हैं कि उनका जीवन कई संघर्षों से भरा था। हर सुबह सूरज निकलने से पहले ही वह पानी के लिए लंबी लाइन में लग जाती थीं। हैंडपंप से पानी भरने के संघर्ष में कभी-कभी पूरा दिन बीत जाता था। कई बार तो ऐसा होता कि उन्हें पीने लायक पानी भी मुश्किल से मिलता। गांव की सभी महिलाओं के लिए पीने के पानी के लिए संघर्ष करना उनके जीवन का हिस्सा बन चुका था। गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन लगाए जाने की खबर ने उम्मीद की किरण नजर आई। धीरे-धीरे हर घर में नल लगाए गए। वह दिन कविता के लिए किसी त्योहार से कम नहीं था, जब पहली बार उनके घर के नल से पानी आया। आज ग्राम अवराई के हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंच रहा है। महिलाएं अब अपने परिवार के लिए बेहतर समय निकाल पा रही हैं। बच्चे बिना किसी डर के साफ पानी पी रहे हैं और स्वस्थ हैं। दूषित पानी से होने वाली बीमारियां अब अतीत की बात बन चुकी हैं।जल जीवन मिशन ने न केवल पानी की समस्या को हल किया है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में खुशियां और सुकून भी लौटाया है। ग्राम अवराई में अब जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से शत प्रतिशत घर लाभान्वित हो रहे है।

श्रीमती कविता चौहान अपने अनुभव साझा करते हुए कहती हैं, यह योजना हमारे लिए एक आशीर्वाद है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की आभारी हूं। अब हमारा जीवन संघर्ष नहीं, सुकून से भरा है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम अवराई में पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं क़ा शतप्रतिशत संतृप्तिकरण किया जा रहा है जिसमें पीएम आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार आदि शामिल हैं।



**तिल्दा-नेवरा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिवात्मा बिसरू राम बघेल स्मृति सभास्थल, ग्राम निलजा, सारागांव में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 79वें वार्षिक राज अधिवेशन तिल्दा राज में मंत्री राजस्व टंक राम वर्मा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं बंधुओं से भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कार्यक्रम में लगाये गए स्टालों का अवलोकन किया।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर छुरा में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

# स्वामी विवेकानंद के विचारों को करें आत्मसात: डॉ. सोनवानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 14 जनवरी।** शासकीय कॉलेज छुरा तथा शासकीय कॉलेज गरियाबंद के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी 2025 दिन रविवार को शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में जिला स्तरीय एकदिवसीय युवा उत्सव आयोजन किया गया जिसमें जिले से आए 150 रासेयो स्वयंसेवक युवा उत्सव में शामिल हुए।युवा उत्सव में मुख्य अतिथि डॉ आर के तलवरे प्राचार्य शासकीय कॉलेज गरियाबंद, अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं रासेयो कार्यकम अधिकारी डॉ विनित कुमार साहू तथा विशिष्ट अतिथि डॉ टी एस सोनवानी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गोहरा पदर डॉ समीक्षा चंद्राकर रासेयो जिला संगठक गरियाबंद, मुख्य वक्ता सी एल पटेल परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा पौधारोपण तथा मां सरस्वती, प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन विवेकवाणी एवं लक्ष्य गीत से हुआ।अतिथि स्वागत पुष्पगुच्छ व तिलक लगाकर हुआ। डॉ तलवरे ने कहा शैक्षणिक विकास पुस्तकीय ज्ञान से होता है पर राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करता है। डॉ सोनवानी ने कहा विवेकानंद जी के विचारों को अगर जीवन में अपनाने की बात कही। डॉ चंद्राकर ने कहा विवेकानंद के विचार नर सेवा ही नारायण सेवा है व स्वामी जी के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के बारे में बताया। मुख्य वक्ता सी एल साहू द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन प्रसंग को लेकर शिक्षाप्रद सत्र लिया गया साथ में युवाओं को मानव सेवा करने लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति की पहचान पहनावे से नहीं बल्कि अच्छे चरित्र से होता है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता विषय पर महाविद्यालयीन नारा लेखन, कविता लेखन, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने छात्रों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।तथा रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यकम के दौरान सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किया। अंत में युवा संवाद हुआ जिसमें रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर, साहसिक शिविर, गणतंत्र दिवस परेड, एनएसएस बी, सी प्रमाण पत्र, राज्य स्तर बेस्ट वालंटियर अवॉर्ड से संबंधित चर्चा किया तथा प्रश्नोत्तरी भी हुआ।उक्त कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डी पी सिंह, डॉ सीपी सिकरवार, प्रदीप सेन, अशोक ध्रुव, कृष्ण सिन्हा, अताउल्ला खान, बीरेंद्र नाग, मदनलाल सोनी, समाजसेवी शीतल ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, हीरालाल साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक निखिल यादव, दिलीप जांगड़े, योगेंद्र वर्मा, लोकेश यादव, चितेश्वर साहू अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यकम के सफल आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक संतोष सोरी, निखिल, इंद्राणी, चांदनी समेत समस्त स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## 19 लीटर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त

**बलौदाबाजार, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज 12 जनवरी को पुलिस चौकी करहीबाजार स्टाप द्वारा आरोपी हेमंत कुमार जांगड़े को बिजली आफिस के सामने मेन रोड ग्राम बिटकुली मे घेराबंदी



कर अवैध रूप से देशी मशाला शराब परिवहन करते आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक नीला रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर रखें 106 पाव देशी मशाला शराब कुल 19.080 बल्क लीटर, देशी मशाला शराब कीमती 11660 एवं एक पुरानी इस्तेमाली मोटर साइकिल हीरो होण्डा एक्टीवा क्र. ष्टत्र22, ष्ठ 6325 जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी का नाम हेमंत कुमार जांगड़े उम्र 42 वर्ष ग्राम करहीबाजार पुलिस चौकी करहीबाजार है।

## एक नजर

### अकलतरा नपं के वार्ड-6 से अयफाज ने पेश की दावेदारी



**रायपुर, 14 जनवरी।** अयफाज मेमन स्कूली दौर से ही छात्र राजनीति में रहे है, वह सर्वप्रथम एनएसयूआई सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक, राष्ट्रीय संयोजक, सह - प्रभारी हिमाचल प्रदेश रह चुके है और वर्तमान में प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस, स्टेट चेयरमैन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग (सोशल मीडिया) हैं। अयफाज मेमन शुरुआती दौर से ही ने राजनीति में अपनी पकड़ बनाई हुई है।

### सीमेंट कंपनियों ने बढ़ा दिए दाम

**रायपुर, 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में मकान बनवाने की सोच रहे लोगों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में एक बार फिर सीमेंट बनाने कंपनियों ने दाम बढ़ा दिए हैं। अल्ट्राटेक समेत कई कंपनियों ने 11 दिनों में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसे में अब ग्राहकों को एक बोरी सीमेंट 340 से 350 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। जनवरी से पहले यह कीमत 280 से 290 रुपए प्रति बोरी थी। इधर, कीमत बढ़ने से कंस्ट्रक्शन का काम प्रभावित हो सकता है। बता दें कि बरसात खत्म होने के बाद अधिकतर कंट्रक्शन के काम शुरु किए जाते हैं। ग्रामीण इलाके के रहवासी भी बड़ी संख्या में घरों का निर्माण करते हैं। शायद यही वजह हो सकती है कि सीमेंट बनाने वाली कंपनियां इसके दाम में बढ़ोतरी कर रही है। चूंकि सीमेंट की कीमतों पर कंट्रोल करने के लिए सरकार के पास कोई नियंत्रण ही नहीं होता है। फैक्ट्री वाले कोई न कोई बहाना कर कीमत बढ़ा देते हैं। मिली जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक समेत कई कंपनियों ने 11 दिनों में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसे में अब ग्राहकों को एक बोरी सीमेंट 340 से 350 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। सीमेंट सप्लायरों का कहना है कि अब बड़ा स्टॉक रखने में भी परेशानी हो रही है।

### सिने-प्रेमियों के लिए नया मिनीप्लेक्स

**रायपुर, 14 जनवरी।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती स्मार्ट सिनेमा चेन, कॉनप्लेक्स सिनेमा, ने देश भर में अपने विस्तार की योजना के तहत अब छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के केंद्र में एक अत्याधुनिक मिनीप्लेक्स खोला है। छत्तीसगढ़ में कॉनप्लेक्स सिग्नेचर मिनीप्लेक्स श्री कृष्णा सेंट्रल मॉल, जगदीश निवास, श्रीकांत वर्मा मार्ग, विनोबा नगर में स्थित है, जो एक सुगम और प्रमुख स्थान है। कॉनप्लेक्स सिग्नेचर के 4 मिनीप्लेक्स हैं। इसमें 7.1 डॉल्बी सराउंड साउंड सिस्टम, 3 डी मूवीज, रेक्लाइनर सीट्स और कपल लॉउंजर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

### छेरछेरा पर लेखन सामग्री का वितरण



**रायपुर, 14 जनवरी।** दान का महत्व बताने वाले छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण त्यौहार छेरछेरा पर राजेंद्र ओझा एवं किअंश ओझा साल्वे ने बच्चों को लेखन सामग्री यथा पेन, पैंसिल, रबर, शार्पनर आदि का विवरण किया जिसे पाकर बच्चे भी अति प्रसन्न हुए। नारायणी साहित्यिक संस्थान की अध्यक्ष डॉ. मृणालिका ओझा ने एक संदेश में बताया कि त्योहारों के अवसर पर बच्चों को ऐसी सामग्री वितरित की जानी चाहिए जो उनके काम आए। इसी उद्देश्य से छेरछेरा के अवसर पर चावल आदि न देकर लेखन सामग्री दी गई जो लिखने आदि के लिए उनके लिए उपयोगी होगी।

### प्रयागराज के लिए कुंभ स्पेशल ट्रेन

**रायपुर, 14 जनवरी।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए । उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे । महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से पांच जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का 28 फेरो के लिए परिचालन किया जा रहा है । महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्ग- टूंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दुर्ग से टूंडला के बीच व्हाया रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर प्रयागराज फतेहपुर, गोविंदपुरी इटावा के मार्ग से चलाई जा रही है ।

# श्रमिक बहुल बीरगांव में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव

## केंद्रीय श्रम मंत्रालय करेगा अनुमोदन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 14 जनवरी।** केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा श्रमिक बहुल क्षेत्र बीरगांव में मेडिकल कालेज खोलने का प्रस्ताव है। रावांभाठा में इस समय श्रम मंत्रालय के अधीन एक बड़ा अस्पताल संचालित हो रहा है। इस अस्पताल के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में इंदौर की तर्ज पर रायपुर में भी एक मेडिकल कालेज खोलने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

भारत शासन के केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा औद्योगिक क्षेत्रद्मद्मड्ड में आधुनिकतम अस्पताल खोले गए हैं। राजधानी रायपुर में भी मेटल पार्क, रावांभाठा के पास आधुनिक चिकित्सालय खोला गया है। यहां पर बड़ी संख्या में चिकित्सकों को अन्य प्रदेश से स्थानांतरित किया गया है जिसमें आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध है। यह अस्पताल इंदौर की तर्ज पर बनाया गया है। इस अस्पताल के निर्देशक मंडल की बैठक 17 जनवरी को रखी गई है। इसमें श्रमिक बहुल क्षेत्र बीरगांव में मेडिकल कालेज खोलने का प्रस्ताव रखा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि चूंकि कंद्रीय श्रममंत्री मनसुख मांडविया छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं इसलिए यह प्रस्ताव स्वीकृत हो सकता है। चिकित्सकों के अनुसार इंदौर में भी इसी आशय का प्रस्ताव भेजा गया था। चूंकि छग की राजधानी रायपुर है इसलिए यहां पर मेडिकल कालेज खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल सकती है। प्रदेश में कुल 13 मेडिकल कालेज हैं। इनमें से चार निजी तथा नौ शासकीय हैं। वर्तमान में सभी चिकित्सालयों में प्राध्यापकों एवं विषय विशेषज्ञों की कमी है जिसके चलते सभी प्रभारी डीन ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर तत्काल प्राध्यापकों की भर्ती का आग्रह किया है। केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा यदि मेडिकल कालेज खोलने की अनुमति दे दी जाती है तो इसमें श्रमिकों के बों को प्रवेश में लाभ मिलेगा।

धान खरीदी



रायपुर, 14 जनवरी। प्रदेश के खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी जोर-शोर से चल रही है।

# कांग्रेस की राजनीति भय, भ्रम और भ्रष्टाचार पर आधारित : भाजपा

**रायपुर, 14 जनवरी।** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा ने उप मुख्यमंत्री समेत दो मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता कर जबाव दिया है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस तीन चीजों पर - भय, भ्रम और भ्रष्टाचार पर आधारित राजनीति करती है. कांग्रेस ओबीसी के बीच राजनीति कर रही है. ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर मंत्री टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी रही है. राज्य में संविधान के मुताबिक सभी को आरक्षण दिया जा रहा है. भाजपा सरकार ने कानून सम्मत नियमों का पालन किया है. ओबीसी वर्ग को भाजपा पर्याप्त से ज्यादा सम्मान देगी. चुनाव के बाद ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधत्व पूर्व से अधिक होगा।



अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 33 जिला पंचायत हैं. सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, अधिकतम 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सकता है. 33 जिलों में 16 जिला अधिसूचित क्षेत्र है. पंचायती राज अधिनियम में अधिसूचित क्षेत्रों में एसटी वर्ग के लिए सीटें आरक्षित हो सकती हैं।

राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग को 13 तक प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था के तहत 4 सीटें आरक्षित है. इस तरह से कुल 33 पद में 20 सीटें आरक्षित हो गई. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण हो जाता है, ऐसे में अध्यक्ष पदों पर ओबीसी आरक्षित सीटें नहीं हो सकती।

जनपद अध्यक्ष, ग्राम पंचायत में सरपंच और जिला पंचायत सदस्यों को ओबीसी आरक्षण दिया गया है. कांग्रेस आरक्षण के मुद्दे पर बवाल करने में लगी. कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने में लगी है.

# कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस के बाद निकाय और पंचायत चुनाव की तिथि होगी घोषित

## 15 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, पांच लाख मतदाता बढ़ने का अनुमान

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 14 जनवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को किया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार इसमें करीब पांच लाख मतदाताओं की वृद्धि होगी। आयोग द्वारा शीघ्र ही प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों एवं एसपी की बैठक बुलाई जाएगी। इसके पश्चात ही तिथियों की घोषणा की जाएगी।




राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि में परिवर्तन करने के कारण मतदाता सूची में संशोधन करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या कम है। पंचायत क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। महिलाओं की संख्या पुरुषों से कहीं-कहीं ज्यादा है इसलिए इस चुनाव में महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जो मतदाता एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष के हो गए हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना अनिवार्य है। इसलिए आयोग द्वारा नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। एक अनुमान के अनुसार शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ के आसपास मतदाता हैं। मतदाता सूची को लेकर अभी कई शिकायतें आ रहीं है जिसे दुरुस्त किया जाना है। शहरी क्षेत्रों में वार्ड परिसीमन के आधार पर मतदाता सूची बनाई गई है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए वार्ड पार्षदों, जनपद सदस्यों एवं जिला अध्यक्षों के लिए आरक्षण घोषित कर दिया गया है।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दावेदार सक्रिय

आयोग के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शीघ्र ही कलेक्टरों और एसपी की बैठक बुलाई जाएगी। इसके पश्चात ही चुनाव तिथि की घोषणा की जाएगी। राज्य शासन यह चुनाव फरवरी माह तक कराना चाहता है। इधर आरक्षण की घोषणा के बाद शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दावेदार सक्रिय हो गए हैं। भाजपा एवं कांग्रेस ने भी प्रत्याशी चयन के लिए समिति की घोषणा कर दी है। इसके लिए अलग-अलग मापदण्ड बनाए गए हैं। महत्वाकांक्षी दावेदार भी अब सक्रिय हो गए हैं।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने खारुन में लगाई आस्था की डुबकी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 14 जनवरी।** आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने खारुन नदी में आस्था की डुबकी लगाई। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। आज मंदिरों में दानदाताओं ने जमकर दान किया। यहां पर मांगने वालों का तांता लगा रहा। राजधानी में मकर संक्रांति परम्परानुसार मनाया गया। शहर के प्राचीन एवं नवीनतम मंदिरों में भी दर्शनार्थी पहुंचे। भगवान का दर्शन करने के बाद उन्होंने तिल और चावल का दान किया। अलग-अलग समाज एवं वर्गों के द्वारा मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। सिख समाज द्वारा लोहड़ी, दक्षिण भारतीयों द्वारा पोंगल के रूप में यह त्यौहार मनाया जाता है। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। कई लोगों ने पतंगबाजी कर उत्साहपूर्वक खुशी मनाई।



# पत्रकार मुकेश चंद्रकार के परिवार को मिलेगी 10 लाख रुपए की सहायता

**रायपुर, 14 जनवरी।** दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्रकार के परिवार को छत्तीसगढ़ सरकार 10 लाख रुपए की सहायता देगी. इसके साथ मुकेश चंद्रकार के नाम से पत्रकार भवन का निर्माण भी किया जाएगा. इस बात का एलान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले के दौर पर रवाना होने से पहले किया.



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बलरामपुर जिले में तातापानी संक्रांति परब का शुभारंभ करेंगे. बलरामपुर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म करने कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि कांग्रेस आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है. कोर्ट के आदेशानुसार ही हमने आरक्षण लाए हैं. कांग्रेस नहीं चाहती कि पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिले. अगर विधानसभा में विधेयक पारित नहीं होता तो आरक्षण नहीं मिलता. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में कुल 33 जिले है, जिनमें से 16 अधिसूचित क्षेत्र में आते हैं. अधिसूचित क्षेत्र के सभी अध्यक्ष के पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होंगे. वहीं 33 में से 4 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है. क्या ये कांग्रेस के नेता संविधान को मानते हैं।

# कल्पना तिवारी को मिला प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया पुरस्कार



**रायपुर, 14 जनवरी।** दिल्ली में आयोजित प्राइड ऑफसेंट्रल इंडिया पुरस्कार समारोह में प्रसिद्ध समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मध्य भारत के उल्लेखनीय व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाता है। कल्पना योगेश तिवारी ने समाजसेवा क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। उनके कार्य से प्रेरणा लेकर कई लोग आगे बढ़ रहे हैं। कल्पना योगेश तिवारी को मिला यह पुरस्कार उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है। समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को यह अवार्ड केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के हाथों दिया गया। नई दिल्ली के फाइव स्टार होटल हयात में 8 जनवरी 2025 को इस अवार्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन रखा गया था। कल्पना योगेश तिवारी, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खारुन नदी के तट पर स्थित ग्राम गोमची में असहाय वृद्धजनों के लिये सर्वसुविधा युक्त निर्मित 200 बिस्तरों वाले मां आनंद वृद्धाश्रम की ट्रस्टी हैं। 35 एकड़ भूमि पर बने इस विशालकाय मां आनंद वृद्धाश्रम में पूजा करने के लिए मन्दिर, खाने के लिए बड़ा कैंटिन एवं दस बिस्तरों का एक अस्पताल भी है।

# सुब्रत सहित 8 आईएएस अफसरों को अतिरिक्त जिम्मेदारी


**रायपुर, 14 जनवरी।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ आईएएस अफसरों की जिम्मेदारी में बदलाव किया गया है। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सहकारिता विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। वहीं 2014 बैच के आईएएस कुंदन कुमार को भी वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ रायपुर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव जय प्रकाश मौर्य को माटीकला बोर्ड का प्रबंध संचालक बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें हस्तशिल्प विकास बोर्ड की भी जिम्मेदारी दी गई है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद यशवंत कुमार हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रभार से मुक्त होंगे। रिमीजियुस एक्का नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव के प्रभार से मुक्त करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का संचालक बनाया गया है। आईएएस रजत बंसल को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। उद्यानिकी संचालक जगदीश एस. को चिराग परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद रवि मित्तल इस प्रभार से मुक्त होंगे।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में चौलेश्वर सम्मानित

**रायपुर, 14 जनवरी।** डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर ने भोपाल मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेकर होलकर वंश की महारानी अहिल्याबाई का ऐतिहासिक योगदान पर शोध पत्र वाचन कर सम्मानित हुए। राष्ट्रीय संगोष्ठी हिंदीं स्वराज स्वबोध की ऐतिहासिक यात्रा स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित संगोष्ठी में अपना शोध आलेख होलकर वंश की महारानी अहिल्याबाई का ऐतिहासिक योगदान विषय पर वाचन किया।

शोध पत्र में विशेष रूप से अहिल्याबाई होलकर की संघर्ष त्याग तपस्या रेखांकित करते हुए कहा है कि भारतीय इतिहास में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक शख्सियत के रूप में जानी जाती है। इतिहास के जानकार डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर ने अपना शोध पत्र में प्रमुखता से मध्यप्रदेश भोपाल में आलेख किया। इस अवसर पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्था) द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी



मध्यप्रदेश भोपाल में आईसीएचआर के अध्यक्ष प्रो रघुवेन्द्र तंवर जी , मनोज श्रीवास्तव जी पूर्व आईएएस , श्री प्रफुल्ल केलकर जी सहित अन्य राज्यो के इतिहासकार ,विद्वतजन शामिल रहें।

### पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या

**रायपुर, 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में आपराधिक मामले आए दिन सामने आ रही है, हत्या, लूटपाट, दुष्कर्म और चोरी की वारदात से लोगों में दहशत का माहौल है, वहीं हत्या का एक और मामला राजधानी रायपुर से लगे तिल्दा से सामने आया है, यहां न्यू राज टॉकीज के पीछे गली में एक युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। वहीं पुलिस ने इस मामले में 3 संदेही युवकों को हिरासत में लिया है। मामला नेवरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक युवक का नाम 37 वर्षीय शिव राजपूत पिता जवाहर राजपूत है। वह ग्राम कोटा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि, बीती रात को तिल्दा के वार्ड क्रमांक 15 न्यू राज टॉकीज के पीछे गली में एक युवक की हत्या हो गई है। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रायपुर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। इस मामले में पुलिस ने तीन संदेही युवकों हिरासम में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26